दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 282
कोटद्वार रविवार
19 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है,
अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

संदिग्ध परिस्थिति में फंदे में झूली युवती, मौत

रुद्रपुर। गांधीनगर वार्ड में एक युवती ने संदिग्ध अवस्था में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार वार्ड एक गांधीनगर निवासी 18 वर्षीय अनीता मंडल शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर के कमरे में पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर झूल गई। घटना के समय उनके घर पर कोई मौजूद नहीं था।

करीब 11 बजे जब उसके दादा ललित मंडल घर पहुंचे तो अनीता को फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। उनकी चीख-पुकार पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से अनीता को फंदे से नीचे उतारा। अनीता तीन भाई बहनों में बीच की थी। उसके पिता ठाकुर मंडल मजदूरी करने कर्नाटक गए हुए हैं। थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

अधिकारी नहीं सुनते तो इस्तीफा दें महाराज: प्रीतम

देहरादून। पूर्व नेता विपक्ष और चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने पयर्टन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा अधिकारियों की सीआर लिखने का अधिकार देने की मांग उठाए जाने पर तंज कसा है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में प्रीतम सिंह ने कहा कि महाराज लगातार सीआर लिखने का अधिकार देने की बात कर रहे हैं, लेकिन ना तो उनकी मांग पूरी हो रही है। और नहीं अधिकारी उनकी बातों को महत्व दे रहे हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री के सामने सारी बातें रखते हुए, मंत्रीमंडल से इस्तीफा देना चाहिए। प्रीतम सिंह ने कहा कि महाराज वरिष्ठ नेता हैं, उनका इस तरह बार- बार शिकायत करते हुए, कुर्सी पर बने रहना ठीक नहीं है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने की भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात

देहरादून। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने शनिवार को शिवरात्रि के दिन महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। शनिवार दोपहर को रेखा आर्य पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी के डिदें ड कलोनी स्थित आवास पहुंची। उन्होंने अपने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से इस संदर्भ में फोटो शेयर करते हुए जानकारी साझा की। इससे पहले सुबह कोश्यारी टपकेश्वर महादेव पहुंचे और वहां जलाभिषेक किया। विदित है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता भगत सिंह कोश्यारी शुक्रवार को ही महाराष्ट्र से उत्तराखंड लौटे हैं और उसके बाद से भाजपा के कई नेताओं ने उनसे मुलाकात की है।

पीएम मोदी ने घायल हाथी को बचाने बांदीपुर टाइगर रिजर्व के कर्मचारियों की सराहना की

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिजली के झटके से घायल हाथी को बचाने के लिए बांदीपुर टाइगर रिजर्व के कर्मचारियों की सराहना की और कहा कि हमारे लोगों के बीच इस तरह की करुणा सराहनीय है।केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव के एक ट्वीट के जवाब में, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर खुशी हुई। बांदीपुर टाइगर रिजर्व के कर्मचारियों को बधाई।

हमारे लोगों के बीच इस तरह की करुणा सराहनीय है।

महाशिवरात्रि पर तय हुई कपाट खुलने की तिथि

25 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदार के द्वार

रुद्रप्रयाग। आज महाशिवरात्रि पर केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय हुई। 25 अप्रैल को प्रातः 6 बजकर 20 मिनट पर बाबा केदारनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। ओंकारेश्वर मंदिर में सुबह चार बजे से महाभिषेक पूजा शुरू हो हुई। मंदिर के पुजारी शिव शंकर लिंग, बागेश लिंग, गंगाधर लिंग और शिव लिंग द्वारा गर्भगृह में धार्मिक परंपराओं के तहत सभी पूजा-अर्चना की गई।

सुबह 8:30 बजे भगवान केदारनाथ की आरती की गई और भोग लगाया गया। इसके बाद सुबह नौ बजे से पंचकेदार गद्दीस्थल में मंदिर समिति के आचार्यों की पंचांग गणना के लिए बैठे। इस अवसर पर केदारनाथ के रावल भीमाशंकर के प्रतिनिधि के तौर पर केदार लिंग मौजूद रहे। 9:30 बजे पंचांग गणना के आधार पर



केदारनाथ के कपाट खुलने का दिन तय कर उसे घोषित किया गया।

पूरे दिनभर ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं व मंदिर समिति के कर्मियों व महिला मंगल दलों द्वारा भजन-कीर्तन होते रहेंगे। रात्रि आठ बजे मंदिर में चार पहर की विशेष पूजाएं शुरू होंगी। मंदिर व पंचकेदार गद्दीस्थल को आठ क्विंटल गेंदा के फूलों से सजाया गया है।

बता दें, विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट भी इस वर्ष 27 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर खुलेंगे। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर टिहरी में नरेंद्रनगर के राजमहल में धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की गई। समारोह में पंचांग गणना के बाद विधि विधान के साथ कपाट खुलने की तिथि तय की गई। वहीं, गाडू घड़ा की तेल कलश यात्रा 12 अप्रैल को निकाली जाएगी। इस अवसर पर टिहरी राजपरिवार सहित बदरी-केदार मंदिर समिति, डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। 2022 में कोरोनाकाल के दो साल बाद बिना बंदिशों के चली चारधाम यात्रा ने पिछले साल नया रिकर्ड बनाया। पहली बार चारों धामों में करीब 46 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। 19 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चारधाम यात्रा का समापन हो गया था। बता दें कि पिछले वर्ष बदरीनाथ धाम में 17 लाख 60 हजार 646 श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं, रिकर्ड संख्या में गंगोत्री धाम में 624451 तीर्थ यात्री पहुंचे जबकि यमुनोत्री धाम में 485635 तीर्थ यात्रों दर्शनों के लिए पहुंचे। केदारनाथ यात्रा में रिकर्ड 15 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि यात्रा से 211 करोड़ का कारोबार हुआ था।

केंद्रीय कर्मियों के डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी संभव

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनरों की महंगाई राहत (डीआर) में चार फीसदी की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौजूदा समय में उन्हें 38 फीसदी के हिसाब से डीएण्डीआर मिलता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा पिछले दिनों जारी घरेलू उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों में मुद्रास्फीति की दर बढ़ी हुई है। जनवरी 2023 (अंतिम) में महंगाई दर, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) सामान्य ग्रामीण क्षेत्र में 685 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में छह फीसदी रही है। दोनों को मिलाकर यह दर 652 फीसदी रही है। ऐसे में कर्मियों के महंगाई भत्ते में कम से कम चार फीसदी की वृद्धि हो सकती है। यदि किसी कर्मचारी का वेतन 18 हजार रुपये है और डीए में चार फीसदी की वृद्धि होती है तो 42 फीसदी महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में लगभग 720 रुपये बढ़ जाएंगे।

260 रोपवे और केबल कार परियोजनाओं को दी गई मंजूरी:गडकरी

नई दिल्ली , एजेंसी। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही शहरी परिवहन की समस्याओं को दूर करने के लिए 260 रोपवे, केबल कार और फेनिकुलर (केबल रेलवे सिस्टम) परियोजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। इनके टेंडर की प्रक्रिया चल रही है और सभी में जल्द काम शुरू होने के आसार हैं। राज्यों की ओर से रोपवे के तीन सौ से अधिक प्रस्ताव मिले थे, जिन पर विचार कर उनकी व्यावहारिकता का परीक्षण किया गया। माना जा रहा है कि रोपवे और केबल कार के ये प्रोजेक्ट अगले तीन साल में पूरे हो जाएंगे।

इंडियन इंस्टीट्यूट आफ आर्किटेक्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हाईवे और एक्सप्रेस वे में लोगों की सहूलियत के लिए 670 रोड साइड एमेनिटीज बनाई जा रही हैं। ये सुविधाएं

दो से पांच एकड़ के क्षेत्र में भी बनाई जा सकती हैं। उद्देश्य यह है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जगहों पर पार्किंग, रेस्ट रूम, ढाबा, रेस्तरां, पेट्रोल पंप जैसी सुविधाएं मिलें और इसके लिए जगह की अड़चन उत्पन्न न हो।मंत्रालय की कोशिश इनके माध्यम से स्थानीय बाजारों को भी बढ़ावा देने की है। गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं जैसे कामों में तेजी के साथ फैसला लेना सबसे अधिक जरूरी है। देरी शासन में सबसे बड़ी समस्या होती है। हां या ना का फैसला तुरंत हो जाना चाहिए। वे अफसर अच्छे हैं जो फैसले लेते हैं, भले ही फैसले गलत हो जाएं।

मार्च अंत तक केंद्र को अपनी रिपोर्ट दे सकता है रोहणी आयोग

नई दिल्ली , एजेंसी। आरक्षण के बाद भी इसके लाभ से वंचित ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) की डेढ़ हजार से ज्यादा जातियों को हालांकि उनका हक कब मिलेगा यह कहना अभी मुश्किल है, लेकिन इन जातियों की पड़ताल करने और उन्हें आरक्षण का समुचित लाभ दिलाने के लिए जस्टिस जी. रोहणी की अगुवाई में गठित आयोग जल्द ही अपनी रिपोर्ट दे सकता है। जिस तरह आयोग अपने काम-काज को समेटने में जुटा हुआ है, उससे साफ संकेत मिल रहे है कि मार्च अंत तक वह इसे लेकर अपनी रिपोर्ट दे सकता है।

मौजूदा समय में ओबीसी की केंद्रीय सूची में करीब 26 सौ जातियां शामिल है। खासबात यह है कि ओबीसी की पिछड़ी जातियों का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार ने रोहणी आयोग का गठन वर्ष 2017 में किया था। जिसमें उसे कुछ हफ्तों में ही इस संबंध में अपनी रिपोर्ट देनी थी। हालांकि यह काम समय से पूरा नहीं हो पाया। जिसके बाद से आयोग को लगातार विस्तार दिया जा रहा है। अब तक करीब 14 बार उसे विस्तार मिल चुका है।

वैसे तो नए विस्तार के बाद आयोग का कार्यकाल जुलाई 2023 तक के लिए बढ़ गया है, लेकिन अब वह अपना काम और खींचना नहीं चाहता है। आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ सदस्य के मुताबिक आयोग ने अपना काम पूरा कर लिया है। अब सिर्फ रिपोर्ट को जांचने का काम चल रहा है।

आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ओबीसी की पिछड़ी जातियों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए ओबीसी को मिलने वाले 27 फीसद आरक्षण को चार श्रेणियों में बांटने का प्रस्ताव किया गया है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में पहले से ही ओबीसी जातियों की चार श्रेणियां हैं। फिलहाल केंद्रीय सूची के आधार पर ओबीसी आरक्षण के उप वर्गीकरण का जो प्रस्ताव किया गया है, उसमें इसकी चार श्रेणियां तैयार की गई है।

सीएम धामी ने किया चंपावत स्थित श्री सप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चंपावत स्थित श्री सप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए। शिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव की आराधना कर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुखशान्ति समृद्धि एवं खुशहाली की कांमना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों व प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान सप्तेश्वर महादेव मंदिर के पुर्ननिर्माण का भूमि पूजन करने का शौभाग्य जो मुझे देवभूमि के मुख्य सेवक के रूप में आज प्राप्त हुआ है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सप्त ाषियों ने जहाँ तपस्या की, ऐसा पवित्र व आस्था के इस केन्द्र पर कोई किसी के बुलाने से नहीं आता, यह महादेव का ही आशिर्वाद ही है कि मैं यहाँ पंहुचा हूँ। उन्होंने कहा कि

सपतेश्वर प्राचीन मंदिर की स्थापना करने वाले बाबा भैरव गिरि ने जो स्वप्न देखा था आज वह स्वप्न मंदिर के भव्य व दिव्य पुर्ननिर्माण के रूप में पूर्ण होने जा रहा है,भविष्य में भी यहाँ के लिए अनेक योजनाएं सरकार बना रही है, जिसका लाभ क्षेत्रीय जनता को अवश्य मिलेगा। उन्होंने अवगत कराया कि सरकार द्वारा सपतेश्वर के लिए 7 किमी सड़क निर्माण का कार्य चल रहा उसके पूर्ण होने से निश्चित रूप यह स्थान स्वयं में जो भव्यता और दिव्यता से भरा है विकास की ओर आगे बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सनातन संसति की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है और दुनिया भर के देश हमारी प्राचीन संसति और उसके परम वैभव से परिचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म ने कभी भी स्व अर्थात स्वयं की बात नहीं की, इसने सदा सर्व अर्थात सभी की बात की है, यही हमारी विशेषता है, तभी तो हमारे यहां 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' बोला जाता है। यही कारण है कि हजारों वर्षों के पश्चात भी विश्व हमारी आस्थाओं, संसति और मान्यताओं के सामने नतमस्तक है। उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म मार्ग से विचलित न हों और जो हमारे सनातन संसति है उस सनातन संसति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए, उसको बचाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहें। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सांसतिक राष्ट्रवाद की भावना पुनः जागृत हुई है वहीं हमारी प्रदेश सरकार भी उत्तराखंड के प्राचीन मंदिरों के पुर्ननिर्माण और जीर्णोद्धार के लिए त संकप्लिप, प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक एवं धार्मिक रूप से उत्तराखंड को महादेव की भूमि माना जाता है। यही कारण है कि गढ़वाल मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों को भगवान केदारनाथ की भूमि मानते हुए जहां केदारखंड पुकारा जाता है वहीं कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों को कैलाश मानसरोवर की भूमि मानते हुए मानसखंड कहा जाता है। यही कारण है कि केदारखंड के मंदिरों को विकसित करने के साथ ही हम मानसखंड करिडोर को भी विकसित करने कि दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिसके अंतर्गत कुमांऊके गोलज्यू मंदिर, पाताल भुवनेश्वर, कोट भ्रामरी, गुरूगोरखनाथ, म पूर्णागिरि, देवीधुरा, केंचीधाम, बाल सुंदरी समेत अनेक मंदिरों को प्रथम चरण लिया है और दूसरे चरण में अन्य मंदिरों को लिया जायेगा । इसके लिए हम महायोजना तैयार कर रहे है और उसी अनुसार कार्य कर रहे है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि मानसखंड करिडोर पर आधारित हमारी झांकी को गणतंत्र दिवस की परेड में प्रथम पुरुष्कार मिला । उन्होंने कहा कि चंपावत जिले के विकास हेतु वह त संकल्पित हैं इसी उद्देश्य से जिला मुख्यालय एवं टनकपुर में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सीएमक़ केंप कार्यालय भी खोला है। सरकार चंपावत को आदर्श जिला बनाने के लिए लगातार मिशन मोड़ में कार्य कर रही हैं । जल्द ही इसी माह चम्पावत में विकास कार्या को लेकर एक बैठक प्रस्तावित की गई है। उन्होंने कहा कि सिप्टी वटर फल का सौंदर्यीकरण हेतु धनराशि भी आवंटित कर दी गई है।

उज्जैन में बना विश्व कीर्तिमान, 18 लाख 82 हजार 229 दीयों से जगमग हुई बाबा महाकाल की नगरी

मध्य प्रदेश , एजेंसी। उज्जैन में महाशिवरात्रि पर शिव ज्योति अर्पणम के तहत जलाए गए दीयों की ड्रोन के जरिए गिनती पूरी हो चुकी है। कुछ देर बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। माना जा रहा है उज्जैन 21 लाख दीपकों से जगमगाएगा। ऐसा होने पर उज्जैन एक विश्व रिकर्ड अपने नाम करेगा। इस पल के साक्षी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई खास और आम नागरिक बनेंगे।

शिव ज्योति अर्पणम के तहत 18 लाख 82 हजार 229 दीये जलाकर वर्ल्ड रिकर्ड बनने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज सब कुछ अलौकिक लग रहा है। आज से विक्रम उत्सव शुभारंभ हो रहा है जो वर्ष प्रतिपदा तक चलेगा। उन्होंने कहा कि महाकाल की पा बरस रही है, चारो तरफ आनंद की वर्षा हो रही है। शिव और शक्ति का मिलन हुआ है आज। शक्ति के बिना काम नहीं चलता। मैं सब में देवी को देखता हूं, लाडली बहना योजना लांच कर रहा हूं अब।

उन्होंने कहा कि उज्जैन वासियों का आज अभिनदंन करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है, आगे बढ़ रहा है। लेकिन मध्य प्रदेश भी किसी से कम नहीं है। महाकाल महाराज की पा मध्य प्रदेश पर बरस रही है। स्वच्छता में भी उज्जैन नंबर वन बने यह जनभागीदारी बनी रहे। आइए हम सब साथ चलें, उज्जैन को आगे ले जाएं और मध्य प्रदेश को आगे ले जाएं। अपने बच्चों का भविष्य और बेहतर बनाएं। उज्जैन में महाकाल लोक की वजह से देश में हमारा नाम हुआ है।

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में एक साथ सर्वाधिक दीपक जलाने का विश्व रिकर्ड महाशिवरात्रि पर बन गया। इसके बाद रामघाट पर आतिशबाजी हुई। अयोध्या की तर्ज पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मोक्षदायिनी शिप्रा के घाटों पर भी आज इतिहास रचा गया। यहां एक साथ 18 लाख 82 हजार दीये जलाए गए। वहीं पूरे शहर में 21 लाख दीपक जलाए गए हैं। स्वयंसेवकों ने दीयों में तेल बाती लगाने का काम किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ 11 दीपक जलाकर शिव ज्योति अर्पणम महोत्सव की शुरूआत की। इसके बाद सायरन बज गया और स्वयंसेवकों ने दीपक जलाना शुरू कर दिया।

यहां गिनीज बुक अफ वर्ल्ड रिकर्ड की पांच सदस्यीय टीम भी मौजूद रही जिन्होंने पांच ड्रोन से निगरानी की। आज केदारेश्वर घाट, सुनहरी घाट, दत्त अखाड़ा घाट, रामघाट और भूखी माता घाट तक लोगों की भीड़ जमा रही। इस अलौकिक और विहंगम नजारे को देखने के लिए सीएम शिवराज सिंह, उनकी पत्नी साधना सिंह और मंत्री मोहन यादव ने नौका विहार किया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई।

सीएम द्वारा पहला दीया जलाने के साथ ही पूरे घाट पर स्वयंसेवकों ने 18 लाख 82 हजार दीए प्रज्जवलित किए। सभी दीपक करीब एक घंटे तक जले। शाम सात बजे घाट क्षेत्र की लाइट बंद कर दी गई। इसके बाद ड्रोन कैमरे से वीडियो शूटिंग की गई। इसके बाद विश्व रिकर्ड की घोषणा हुई। सीएम को विश्व रिकर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा गया।

उज्जैन में 18 लाख 82 हजार दीये जलाकर विश्व कीर्तिमान बना लिया है। उज्जैन ने अयोध्या का रिकर्ड तोड़ा है।

महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

चम्पावत। बनबसा में एक महिला ने एबुंलेंस में बच्चे को जन्म दिया है। महिला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन उसे एंबुलेंस से उपजिला अस्पताल टनकपुर लेकर आ रहे थे। प्रसव पीड़ा बढ़ने के दौरान महिला ने केनाल के पास रास्ते में ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। जिसके बाद महिला को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम पंपापुर, बनबसा निवासी 26 वर्षीय पूजा राठौर पत्नी अनिल राठौर को शुक्रवार शाम प्रसव पीड़ा शुरू हुई।

पूजा के पति अनिल राठौर ने बताया कि पूजा को एंबुलेंस से टनकपुर अस्पताल लेकर आ रहे थे। इसी दौरान प्रसव पीड़ा बढ़ने के बाद पूजा ने स्वस्थ बच्चे कोा जन्म दिया है। प्रसव कराने में ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन) अंजली चौड़ाकोटी और पायलट मोहम्मद शरीफ व आशा वैष्णवी देवी ने सहयोग किया। चिकित्सा अधिकारी डा. भारती ने बताया कि प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

अमेरिकी अरबपति सोरोस की टिप्पणियों पर विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया कहा

भय का माहौल बनाने का काम करते हैं सोरोस

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी अरबपति जार्ज सोरोस की तरफ से भारतीय लोकतंत्र औुर पीएम नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें आडेद हाथों लेते हुए जवाब दिया है। जयशंकर ने कहा है कि जार्ज सोरोस एक रईस, पूर्वाग्रही और खतरनाक व्यक्ति हैं। आस्ट्रेलिया के आधिकारिक दौरे पर गये विदेश मंत्री जयशंकर ने एक कार्यक्रम में लगे हाथ सोरोस को यह भी मशविरा दिया कि दुनिया वैसे नहीं चलती जैसा कि वह सोचते हैं।

सोरोस की तरफ से भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर उठाये गये सवाल और समाज के स्वरूप पर सोरोस की टिप्पणी को समाज के एक बड़े तबके को भयभीत करने के लिए दिया गया बयान बताया। सोरोस ने एक कार्यक्रम में अदाणी मामले को टेड़ते हुए कहा था कि दोनों का पतन जुड़ा हुआ है।

फिजी की यात्रा के बाद

जयशंकर शुक्रवार देर रात आस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। उन्होंने शनिवार को रायसीना एट सिडनी आस्ट्रेलिया कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

यहीं पर एक सत्र में परिचर्चा के दौरान सोरोस की टिप्पणियों पर अपने विचार रखे। सोरोस ने दो दिन पहले म्यूनिख में एक कांफ्रेंस के दौरान कुछ टिप्पणियां की थी। इस पर मोदी सरकार मे कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी प्रेस कांफ्रेंस करके सरकार की तरफ से विरोध जता चुकी हैं। ईरानी ने आरोप लगाया था कि सोरोस भारतीय लोकतंत्र को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं।

जयशंकर से इस बारे में पूछने पर कहा कि, सोरोस एक ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी दुनिया को अपनी सोच से चलाना चाहते हैं।

पुरोला के कमलेश्वर महादेव मंदिर में जुटे भक्त

उत्तरकाशी। महाशिवरात्रि को पूजा–अर्चना व जलाभिषेक को पुरोला कमल सिराईं–रामा सिराईं में स्थित रंवाई घाटी के सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर व पुरोला नगर क्षेत्र के कुमुदेश्वर नागराज मन्दिर में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शनिवार को शिवरात्रि के अवसर पर कमलेश्वर धाम तथा नगर क्षेत्र के कुमुदेश्वर नागराज मन्दिर में सुबह से ही पूजा–अर्चना व जलाभिषेक को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शिव भजनों की गूंज व हर–हर महादेव के जयकारों के साथ हजारों लोगों ने मन्दिर में पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक किया। मन्दिर समिति अध्यक्ष बृजमोहन सिंह चौहान व मन्दिर के पुजारी राजेश बिजल्वाण व समिति सदस्य जयेंद्र रावत, आलोक बिजल्वाण ने कहा कि इस बार मन्दिर में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह पौराणिक शिव मंदिर सम्पूर्ण रंवाई घाटी के आस्था का केंद्र है। यहां पुरोला, मोरी, नौगांव सहित बनाल, ठकराल, जौनपुर, जौनसार तक से श्रद्धालु मनौती मांगने आते हैं तथा शिवरात्रि के अलावा श्रावण मास में लोग पाठ–पूजा के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर मन्दिर समिति के द्वारिका प्रसाद, कैलाश, रमेश, शांति प्रसाद, हरीश बिजल्वाण, नीलाम्बर चौहान, जमुना प्रसाद आदि सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

बड़कोट के प्राचीन चंद्रेश्वर मंदिर में उमड़े भक्तः

महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को यमुना घाटी क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। वहीं बड़कोट स्थित पौराणिक चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक के लिए दूर–दूर गांव से श्रद्धालु यहां पहुंचे। नगर पालिका परिषद बड़कोट के नगर वासियों सहित साड़ा, उपराड़ी, चन्नाांव, छटांगा, पौलगांव, कृष्णा आदि गांव से यहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की तथा यहां स्थित प्राचीन स्वयंभू चंद्रेश्वर महादेव के रूप में स्थित शिवलिंग में जलाभिषेक किया। पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भगवान शिव के द्वार पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा लंबी कतार में खड़े श्रद्धालु अपनी–अपनी बारी का इंतजार करते रहे, जिसके बाद बारी आने पर विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा भगवान शिव से सुख समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिवरात्रि पर उत्तरकाशी में उमड़े शिव भक्त

उत्तरकाशी। फाल्गुन मास की शिवरात्रि पर्व पर भोले की नगरी उत्तरकाशी हर हर महादेव व बम–बम भोले के जयकारों से गूंजती रही। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर समेत जिले के सभी शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

लोग हजारों की संख्या में हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय का जाप करते ब्रह्ममूर्त से ही बाबा के दरबार में पहुंचे। जहां सभी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया और भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर अपनी खुशहाली की कामना की। शनिवार को नगर के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर आस्था का सागर उमड़ पड़ा। मंदिर में जलाभिषेक के लिए ब्रह्ममूर्त में ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। प्रातः चार बजे से ही श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और देर सांय तक मंदिर से लेकर भैरव चौक तक लंबी कतार लगती रही और घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मौके पर सभी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ को पुष्प, बेल पत्र एवं गंगाजल के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वहीं इसके अतिरिक्त गोपेश्वर महादेव, कीर्तेश्वर, लक्षेश्वर, कालेश्वर, विमलेश्वर, रुद्रेश्वर महादेव के साथ ही भटवाड़ी के भास्करेश्वर, डुंडा में नागेश्वर, धनेश्वर, सिद्धेश्वर, चिन्यालीसौड़ के गंगेश्वर व पुरोला में कमलेश्वर महादेव सहित जिले के तमाम शिवालयों में शाम तक श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं।

संस्कृत के छात्र इग्नू से भी करें कोर्स : डॉ. डिमरी

नई टिहरी। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया है। इस मौके पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक ने विद्यार्थियों को इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में 80 शोध पत्र प्रस्तुत किये गए। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में न्याय दर्शन विभाग की राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल डिमरी ने किया। संगोष्ठी में उन्होंने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के विद्यार्थियों को इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे संस्कृत विषयों के कोर्सों के साथ–साथ इग्नू से आधुनिक विषय कंप्यूटर, हिन्दी, पत्रकारिता, अंग्रेजी के यूजी, पीजी कोर्स भी कर सकते हैं। डॉ. डिमरी ने कहा कि इग्नू के वर्तमान में लगभग 200 कोर्स हैं, जिन्हें बच्चे दूरस्थ माध्यम से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में इग्नू का केन्द्र खुल जाने से देवप्रयाग के निकटवर्ती टिहरी तथा पौड़ी जिलों के इग्नू के छात्रों को बहुत सुविधा होगी। इससे पहले ये छात्र श्रीनगर और देहरादून केन्द्रों पर निर्भर रहते थे। इस परिसर के प्राध्यापक ही इग्नू के कोर्सों के काउंसलर होंगे।

उन्होंने कहा कि एडिशनल क्वालिफिकेशन (अतिरिक्त योग्यता) के कारण रोजगार के मौके बढ़ जाते हैं, इसलिए संस्कृत शिक्षा से जुड़े सभी छात्रों को अपनी मनपसंद के कोई न कोई अन्य कोर्स इग्नू से अवश्य कर लेने चाहिए। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने कहा कि अनुशासित जीवन हमारी अनेक समस्याओं का समाधान स्वयं कर देता है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वह पूजा–पाठ, प्रार्थना, गुरु भक्ति को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनायें। परिसर निदेशक प्रो. एम चन्द्रशेखर ने कहा कि छात्रों को नैतिक मूल्यों की जानकारी देने तथा भारतीय संस्कृति के तत्त्वों का महत्त्व बतलाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम महत्त्वपूर्ण होते हैं। हिन्दी प्राध्यापक डॉ. वीरेन्द्र सिंह बर्त्वाल की गढ़वाली भाषाः प्रकृति और समृद्धि नामक पुस्तक के दूसरे संस्करण का यहां विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में डॉ. शैलेन्द्र प्रसाद उनियाल, शैलेन्द्र नारायण कोटियाल, अनिल कुमार, अरविन्द सिंह गौर, सुरेश शर्मा, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, अमन्द मिश्र, रघु बी. राज, मोनिका बोल्ला, पंकज कोटियाल, नवीन डोबरियाल, अवधेश बिजल्वाण, मनीषा आर्या, अंकुर वत्स, सुधांशु वर्मा, श्रीओम शर्मा, अजय सिंह नेगी, सुशील बडोनी आदि उपस्थित रहे।

पहले अपने कार्यकाल में महिलाओं पर किए गए लाठीचार्ज की माफी मांगें त्रिवेद्र रावत : गरिमा दसौनी

देहरादून। जिनके घर शीशे के होते हैं वो दूसरे के घरों में पत्थर नहीं मारते...भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के बेरोजगार युवकों पर लाठीचार्ज बयान के बाद कांग्रेस भी हमलावर हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि त्रिवेंद्र शासनकाल में भी मातृशक्ति पर लाठीचार्ज किया गया था, और अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार युवकों पर लाठीचार्ज किया गया। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा है कि हाल ही में बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज के लिए माफी मांगने वाले पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत पहले अपने कार्यकाल में गैरसैंण में महिलाओं पर किए गए लाठीचार्ज के लिए माफी मांगें। दसौनी ने कहा कि आज अचानक त्रिवेंद्र सिंह रावत की अंतरात्मा कैसे जाग गई?

दसौनी ने कहा, त्रिवेंद्र का बयान चौंकाने वाला है क्योंकि जब वह मुख्यमंत्री थे तब गैरसैंण में सड़क चौड़ीकरण की मांग को आंदोलनरत मातृशक्ति पर न सिर्फ लाठीचार्ज किया गया बल्कि दिसंबर की ठंड में वाटर कैनन भी चलाया गया था। तब चौतरफा घिरने के बाद भी उन्होंने क्षमा नहीं मांगी थी। दसौनी ने कहा कि भाजपा सरकार लाठीचार्ज सरकार का पर्याय बन गई है। जब–जब भाजपा सत्ता में आती है तब–तब दमनकारी नीति का सहारा लेती है और पहले से पीड़ित जनता पर लाठी चार्ज करने का काम करती है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया महाशिवरात्रि का पर्व

हरिद्वार। महाशिवरात्रि के पर्व पर धर्मनगरी के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगनी शुरू हो गई। हरकी पैड़ी गंगा घाट पर स्नान कर गंगाजल लेकर जाने वाले कांवडियों की भीड़ भी देखने को मिली। हरकी पैड़ी से लेकर शिवालयों पर सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। धर्मनगरी में शिवालय सुबह से बम बम बोल के जयकारों से गुंजायमान हो गए। महाशिवरात्रि पर धर्मनगरी के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर से लेकर देहात तक महाशिवरात्रि का पर्व पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए पहुंचने लगे थे। शिव के ससुराल कनखल के दक्षेश्वर महादेव मंदिर में भोर से ही श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचने शुरू हो गए थे। सुबह से ही दक्षेश्वर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लग गई थी, लेकिन लम्बी कतार भी श्रद्धालुओं के जोश को कम नहीं कर पायी। लाइनों में लगे श्रद्धालु भोले की जय के नारे लगा रहे थे जिससे पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। कनखल के दरिद्र भंजन, दुख भंजन, तिलभांडेश्वर और पारद शिवलिंग मंदिर में भी काफी संख्या में श्रद्धालु देखने को मिले। श्रद्धालु भगवान शंकर के मंदिर में गंगाजल, बेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाकर शिवकृपा की कामना करते दिखे। वहीं हरिद्वार बाईपास मार्ग पर स्थित बिल्वकेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटी रही। मंदिर परिसर में भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई थी।

एक नजर

मोरी के शिव मंदिर में लगा भक्तों का तांता

उत्तरकाशी। महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को मोरी मुख्यालय के शिव मंदिर में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के लिए दूर–दूर गांव से श्रद्धालु यहां पहुंचे। मोरी बाजार सहित नैटवाड़, सांकरी आदि गांवों से ग्रामीण मोरी मुख्यालय के शिव मंदिर में पहुंचे। पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भगवान शिव के द्वार पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा लंबी कतार में खड़े श्रद्धालु अपनी–अपनी बारी का इंतजार करते रहे, जिसके बाद बारी आने पर विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा भगवान शिव से सुख समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सहकारी बैंकों के कर्जदारों के लिए ओटीएस लागू

देहरादून। सरकार ने सहकारी बैंक के बकाएदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू कर दी। यह योजना 20 फरवरी से 31 मार्च तक लागू रहेगी। एक करोड़ रुपये तक के बकाएदार इस योजना के तहत रियायतों के साथ अपना बकाया कर्ज जमा करा सकते हैं। सहकारिता सचिव बीवीआरसी पुरूषोत्तम के अनुसार कज के एनपीए की तारीख से चुकाने की तारीख तक की अवधि के ब्याज में 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जिन मामलों में मूलधन के बराबर ब्याज की राशि जमा हो गई हो, उनमें केवल मूलधन ही अदा करना होगा। बकाएदार की प्राकृतिक, हादसे अथवा आपदा से मृत्यु होने पर जमानतियों और आश्रितों से केवल मूलधन राशि ही वसूल कर खाता बंद कर दिया जाएगा।

देशी शराब के साथ एक आरोपी पकड़ा

हल्द्वानी। मुखानी पुलिस ने देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम टीम कुमसुमखेड़ा स्थित नारायण नगर रोड पर गश्त पर थी।

पुलिस पर ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

हरिद्वार। रतमऊ नदी में अवैध खनन रोकने के दौरान पुलिस के ऊपर ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी बहादराबाद थाने से हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट एंव बलवे सहित छह मुकदमे दर्ज है। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को कोर्ट से जेल भेज दिया है। जबकि पुलिस ने शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह मुकदमे में नामजद आरोपियों के घरों में दबिशें दी। लेकिन आरोपी घर से फरार है। शातंरशाह चौकी प्रभारी हेमंत भारद्वाज की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई थी। शुक्रवार को रुड़की–हरिद्वार रोड पर स्थित रतमऊ नदी में अवैध खनन की सूचना पर पहुंची पुलिस के ऊपर खनन कर रहे लोगों ने ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ाने का प्रयास किया था। पुलिस ने दस नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देना, अवैध खनन करना आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस टीम के आने के साथ ही अधिकांश खनन करने वाले लोग मौके से फरार हो गए थे। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि इमरान पुत्र यासीन को गिरफ्तार कर लिया है।

कलियर में महाशिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन

रुड़की। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर कलियर नगर पंचायत के महमूदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर कर्णधाम में शिवभक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। देहात क्षेत्र के शिव मंदिरों में भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। जलाभिषेक को मंदिरों में भारी भीड़ लगी रही। शिव भक्तों ने दूध, दही, शहद, गंगाजल से शिवलिंग को नहलाया ओर बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ाए। क्षेत्र के रहमतपुर, राघड़वाला, नागल पलुनी, हकीमपुरतुर्रा, जस्त्रावाला, सोहलपुर, इमलीखेड़ा, मेहवड़ कला, बाजूहेड़ी, मेहवड खुर्द, बेलडा, मोहम्मदपुर, गुम्मावाला माजरी आदि सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर अमन चैन की दुआ मांगी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जलाभिषेक कर भाजपा सरकार के लिए मांगी सद्धबुद्धि

हरिद्वार। महाशिवरात्रि के अवसर पर कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकताओं ने शंकर आश्रम शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। कांग्रेसियों ने भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकार की सद्धबुद्धि की की भी प्रार्थना की। राजीव चौधरी ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने जिस तरीके से देहरादून में बेरोजगार नौजवान युवक युवतियों पर अपना हक मांगने पर लाठी और डंडों से बल प्रयोग किया। उसके खिलाफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण महारा के नेतृत्व में 7 दिन तक देहरादून के अंदर सचिवालय घेराव एवं धरना प्रदर्शन किए। इस कड़ी में शिव मंदिर जाकर भगवान शिव पर जलाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि अंकिता हत्याकांड में वीआईपी का नाम छुपाने वाले, पटवारी पेपर लीक करने वाले, निदौष नौजवान युवक युवतियों पर लाठी–डंडों से उनको लहूलुहान करने वालों, एसबीआई एलआईसी में जनता के पैसे को दबाने का प्रयास करने वाले लोगों का भोले शंकर विनाश करेंगे यह कामना की है। इस मौके एससी डिपार्टमेंट के महानगर अध्यक्ष विपिन पेवल, युवा कांग्रेस रानीपुर के विधानसभा अध्यक्ष गौरव चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनीष सैनी, शशि चौधरी, मेधा चौधरी, अधिराज चौधरी आदि ने मिलकर शिवालय पर जल चढ़ाकर भाजपा की सद्धुद्धि की प्रार्थना की।

सेना का जवान बताकर ठग लिए 2.61 लाख

हरिद्वार। भारतीय सेना का जवान बताकर एक व्यक्ति को डरा धमकाकर 2.61 लाख की रकम हड़प ली गई। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र की टिहरी विस्थापित कालोनी निवासी ठाकरचंद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने फेसबुक पर मोटरसाइकिल बेचने का विज्ञापन देखकर उस मोबाइल फोन नंबर पर संपर्क साधा था।

मोबाइल फोन नंबर धारक ने अपना नाम संतोष कुमार साहू बताते हुए जानकारी दी थी कि वह भारतीय सेना में कार्यरत है। आरोप है कि उसने विश्वास कर उसे करीब दस हजार रुपये पेटीएम कर दिए थे, जिसके बाद आरोपी ने मोटरसाइकिल एक घंटे में भेजने की बात कहकर उससे बाकी रकम भी ले ली। आरोप है कि मोटरसाइकिल उसे नहीं भेजी गई।

फिर आरोपी ने उसे अपहरण कर झूठे मुकदमे में फंसवा देने की धमकी देकर उससे अलग–अलग किश्त में 2.61 लाख की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करवा ली। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

डाडा जलालपुर में शोभायात्रा निकालने को लेकर हुई नोकझोंक

रुड़की। गांव डाडा जलालपुर में महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा निकालने को लेकर ग्रामीणों और प्रशासनिक टीम के बीच नोकझोंक हो गई। शोभायात्रा निकालने को लेकर ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के बीच लंबी वार्ता चलती रही। डीजे धीमी आवाज के चलाने की बात पर शोभायात्रा निकालने पर सहमति बनी। गांव में शांति व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने बीते शुक्रवार की रात डाडा जलालपुर में धारा 144 लागू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने डाडा जलालपुर गांव में जल लेकर पहुंच रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली को हल्लुमजरा चौक पर रोक दिया। मामले में पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों के बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई। बाद में पुलिस से वार्ता के बाद ग्रामीण पैदल हल्लूमजरा चौक से डाडा जलालपुर तक जल लेकर रवाना हुए। गांव पहुंचते ही प्रशासन ने महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा को लेकर धारा 144 लागू होने की बात कही और प्रशासन ने शोभायात्रा को गांव के समीप रोक दिया। पुलिस प्रशासन के शोभायात्रा को रोके जाने पर ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो गया और उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर गांव के समीप सड़क पर धरने पर बैठ गए। हिंदू संगठनों के लोग भी मौके पर पहुंच गये और ग्रामीणों का समर्थन करने लगे। लंबी वार्ता के बाद ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन के बीच सहमति बनी कि डीजे धीमी आवाज से चलाकर शोभायात्रा निकाली जाए। जिस पर ग्रामीणों ने साथ पुलिस की मौजूदगी में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह–जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर बम भोले के जयकारे भी लगाए। इस अवसर पर जेएम आशीष कुमार मिश्रा सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। शोभायात्रा के सकुशल संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

सिडकुल में शव की पहचान, हत्या की आशंका

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र के रोशनाबाद स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम से सटी खाली पड़ी भूमि पर खून से लथपथ मिले शव की पहचान पुलिस ने कर ली है। मृतक हेत्तमपुर का निवासी है। पुलिस के अनुसार मृतक का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि उसकी जेब में करीब 35 हजार रुपए थे। लेकिन पुलिस को जेब से कुछ नहीं मिला है। पुलिस की ओर कही गई बात पर सफाई देते हुए परिजनों ने कहा कि उनके बेटे ने कभी शराब को छुआ तक नहीं है। हालांकि पुलिस हत्या की घटना से साफ इनकार कर रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

सिडकुल पुलिस को सूचना मिली कि स्टेडियम से सटी जमीन में एक शव पड़ा है। शव का मुंह और गला जंगली जानवरों ने पूरी तरह नोचा हुआ था। शव की शिनाख्त हो सकी थी। प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि मृतक की पहचान पोपीन (29) वर्ष पुत्र श्रवण कुमार निवासी हेत्तमपुर के रुप में पहचान हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

राज्यपाल ने प्रज्ञेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने महाशिवरात्रि के अवसर पर राजभवन परिसर स्थित राजप्रज्ञेश्वर मंदिर में रूद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना की। राज्यपाल ने कहा कि महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर लोग श्रद्धा, भक्ति और पूरे उल्लास के साथ देवाधिदेव महादेव की पूजा–अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व शिव एवं शक्ति की आराधना का पर्व है। भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। राज्यपाल ने सभी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर सहित राजभवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

200 लोगों ने कराई शिविर में आंखों की जांच

कोटद्वार : हंस फाउंडेशन जनरल हास्पीटल के सौजन्य से वार्ड नंबर 14 जौनपुर आमपड़ाव में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 लोगों ने आंखों की जांच कराई। 11 लोगों की आंखों में मोतियाबिन्द होने के कारण उन्हें ऑपरेशन के लिए कहा गया है। इन लोगों का हंस फाउंडेशन जनरल हास्पीटल सतपुली में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। पार्षद श्रीमती आशा चौहान के आग्रह पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर हिमांशु गुसाईं, कोडिनेटर संतोष कुमार, सहायक प्रवीन कक्तवान, नयन सिंह ने 200 लोगों की आंखों की जांच की। इस मौके पर निःशुल्क दवाई और चश्में वितरित किये गये। इस अवसर पर निकाय सभासद महासंघ के पूर्व अध्यक्ष गुड्डू चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, राज्य आंदोलनकारी समीम अहमद, पीएल खंतवाल, दिलेन्द्र गौडियाल, चन्द्र प्रकाश भट्ट आदि मौजूद थे।

सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून बनाया : विपिन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला ने कहा कि उत्तराखंड देश कहा पहला राज्य है जहां पर सख्त नकल विरोधी कानून बनाया गया है। जिसके लागू होने के बाद कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध करने की सोचेगा भी नहीं। इस अध्यादेश में दोषियों के विरूद्ध सख्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं को नकल विहीन बनाने के लिए सशक्त कानून बनाया है।

विपिन कैंथोला ने उत्तराखण्ड प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता एवं शुचिता को सुनिश्चित करने के लिए राज्य की धामी सरकार द्वारा 9 फरवरी 2023 को उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश 2023 का अनुमोदन प्रदान करने का स्वागत किया। विपिन कैंथोला ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति, प्रिंटिंग प्रेस, सेवा प्रदाता संस्था, प्रबंध तंत्र, कोचिंग संस्थान इत्यादि अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है तो उसके लिए आजीवन कारावास तक की सजा तथा दस करोड़ रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान इस कानून के तहत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति संगठित रूप से परीक्षा कराने वाली संस्था के साथ षडयंत्र करता है तो आजीवन कारावास तक की सजा एवं 10 करोड़ रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी प्रतियोगी परीक्षा में स्वयं नकल करते हुए या अन्य परीक्षार्थी को नकल कराते हुए अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है, तो उसके लिए तीन वर्ष के कारावास व न्यूनतम पांच लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि वह परीक्षार्थी दोबारा अन्य प्रतियोगी परीक्षा में पुनः दोषी पाया जाता है तो न्यूनतम दस वर्ष के कारावास तथा न्यूनतम 10 लाख जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

श्री कैंथोला ने कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पाया जाता है तो आरोप पत्र दाखिल होने की तिथि से दो से पांच वर्ष के लिए डिबार करने तथा दोषसिद्ध ठहराए जाने की दशा में दस वर्ष के लिए समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार किए जाने का प्रावधान भी इस सख्त कानून के अंतर्गत किया गया है और कोई परीक्षार्थी दोबारा नकल करते हुए पाया जाता है तो क्रमशः पांच से दस वर्ष के लिए तथा आजीवन समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार किए जाने का प्रावधान किया गया है। अगर पता चलता है कि इस दोष में संलिप्त व्यक्ति ने अनुचित साधनों के इस्तेमाल से संम्पति अर्जित की है तो ऐसी सम्पति की कुर्की की जायेगी और इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं अशमनीय होगा।

महर्षि दयानंद के जीवन से प्रेरणा लें

आर्य समाज कोटद्वार में हवन यज्ञ में आहूति डालते हुए लोग।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आर्य समाज में चल रहे बोधोत्सव के दूसरे दिन स्वामी महेश योगी ने एक बालक की मूलशंकर से महर्षि दयानंद बनने तक की जीवन यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि महर्षि जैसे महापुरुष स्व अध्ययन के बल पर ही आगे बढ़े। लगातार अध्ययन करने से सही गलत का निर्णय करने की क्षमता बढ़ती है। इसलिए हमें अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करना नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने महर्षि दयानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलने की सलाह दी। बदांयू से पधारे आचार्य संजीव रूप ने सोलह संस्कारों के प्रथम गर्भाधान संस्कार का महत्व बताया। उन्होंने रामायण, महाभारत के उदाहरणों के द्वारा यह भी समझाया कि सिर्फ अन्न का ही नहीं अन्न कौन बना रहा है और किस मनोवृत्ति के साथ बना रहा है इसका भी प्रभाव हमारे मन पर पड़ता है। इस अवसर पर आर्य समाज कोटद्वार के प्रधान राजेंद्र ग्रोवर, नवीन कुमार, मधु बत्रा, शशि सिंघल आदि उपस्थित थे। मंच संचालन हिमांशु अग्रवाल ने किया।

देवभूमि उत्तराखण्ड फिल्म का किया विमोचन

कोटद्वार : श्री बद्रीकेदार फिल्म के बैनर तले बनी फिल्म देवभूमि उत्तराखण्ड का शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण ने विमोचन किया। विस अध्यक्ष ने फिल्म को पहाड़ की मूलभूत समस्याओं से जुड़ा बताया। उन्होंने फिल्म के माध्यम से दिये बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के संदेश की सराहना की। फिल्म में अभिनेता की भूमिका प्रकाश दीप द्विवेदी, अभिनेत्री की भूमिका रचिता कुकरेती सहित मुख्य कलाकार की भूमिका पन्नु गुसांई, मालती गौड़, बबीता नेगी, विनोद नैथाणी ने निभाई। इस मौके पर बीना बैंजवाल, सतीश गौड़, पार्षद पवेन्द्र रावत, अनिल बहुगुणा, वीरेन्द्र रावत, मनमोहन द्विवेदी, रमन कुमार, सुधीर बहुगुणा, राकेश मित्तल आदि मौजूद थे।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 21 से

कोटद्वार : भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 21 से 23 फरवरी तक किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विवि डीन प्रो. पीएस राणा ने बताया कि इस दौरान बालीबाल, बैडमिंटन, दौड़, खो-खो, भाला फेंक, चक्का फेंक, शतरंज, ऊंची कूद, लम्बी कूद, कैरम, रस्सी खींच, म्यूजिक चेयर आदि खेलों का आयोजन किया जायेगा।

अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ धरना कल

कोटद्वार : कोटद्वार क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती के खिलाफ मोदी विचार मंच की ओर से 20 फरवरी को तहसील में सांकेतिक धरना दिया जायेगा। तत्पश्चात मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मंच संयोजक गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश में बिजली की कटौती होना दुर्भाग्यपूर्ण है। बिजली कटौती से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय बिजली कटौती से लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे है।

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पौड़ी : महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। शहर के क्यूंकालेश्वर, लक्ष्मीनारायण, कंडोलिया, गगवाडस्यूं घाटी के देवलेश्वर, कल्जीखाल के थानेश्वर आदि मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। क्यूंकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा। वहीं, शहर के धारा रोड के पास सजी दुकानों से भी लोगो ने जमकर खरीदारी की। जिले के सतपुली, नैनीडांडा, धुमाकोट आदि क्षेत्रों के शिवालयों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

कांग्रेसियों ने बुद्धि-शुद्धि के लिए जलाभिषेक किया

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : महाशिवरात्रि पर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और युवाओं पर अत्याचार किए जाने के आरोपों को लेकर बुद्धि शुद्धि के लिए जलाभिषेक किया।

शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर कांग्रेसियों ने कंडोलिया मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस विनोद नेगी ने बताया कि भाजपा सरकार में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और युवाओं पर अत्याचार किए जाने के आरोपों को लेकर बुद्धि शुद्धि के लिए जलाभिषेक किया गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला, नगर, ब्लाकों के शिवालयों में शिवरात्रि पर भाजपा सरकार में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, युवाओं पर किए गए अत्याचार के खिलाफ बुद्धि शुद्धि के लिए जलाभिषेक किया गया है। इस मौके पर नगराध्यक्ष भरत सिंह रावत, युद्धवीर सिंह रावत, उपेंद्र रावत, मोहित सिंह, आस्कर रावत, अंकित नौटियाल, विजयदर्शन बिष्ट आदि शामिल थे।

महावशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

विस अध्यक्ष ने किया जगदेव बाबा मंदिर में जलाभिषेक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तों की जल चढ़ाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। शिव भक्त भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने महाशिवरात्रि के पर्व पर कोटद्वार के मवाकोट स्थित जगदेव बाबा मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी शनिवार दोपहर मवाकोट स्थित जगदेव मंदिर पहुंची जहां उन्होंने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना के साथ प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण में विभिन्न कीर्तन मंडली द्वारा हो रहे भजन कीर्तन में भी प्रतिभाग किया।

उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिव-पार्वती को सनातन दंपत्ति माना गया है, उनका दांपत्य आदर्श और अनुकरणीय है। यह शिव-पार्वती के परस्पर सम्मान और समर्पण का पर्व है। शनिवार को शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगी रही। महिलाओं ने लाइन में लगकर जल चढ़ाया और परिवार की खुशहाली के लिए भगवान शिव से मन्नतें मांगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी विशेष उत्साह महा शिवरात्रि को लेकर नजर आया। गांव के मंदिरों में शिवरात्रि पर उपवास रखने वाली महिलाएं व युवतियां पहुंची।

मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव का उपवास रखना काफी फलदायी माना जाता है। शिवरात्रि के दिन भगवान भोले अपने भक्तों की भक्ति से प्रसन्न होकर उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

अल्ट्रासाउंड के लिए मरीज भटकने को मजबूर

पौड़ी : एक ओर तो सरकार पहाड़ी जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने का दावे कर रही है, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। जिले के कई अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए भटकने को मजबूर है। रेफर करने के बाद मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए दूसरे अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है। जिले के थलीसैंण अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। यहां पर रेडियोलॉजी के लिए मशीन है और गायनी चिकित्सक केवल गर्भवती महिलाओं के ही अल्ट्रासाउंड करती है। जबकि अन्य मरीजों को लंबी दूरी नापते हुए पाबौ अस्पताल तक आना पड़ता है। ब्लाक प्रभारी डा.अमित पाटिल ने बताया कि एक दिन में औसत 10 से 12 अल्ट्रासाउंड के लिए मरीज आते है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से मरीजों को रेफर करना पड़ता है। सीएचसी नैनीडांडा में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है। यहां पर एक्सरे मशीन है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। यहां पर आने वाले मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए रामनगर, काशीपुर, हल्द्वानी, कोटद्वार, देहरादून आदि हायर सेंटर रेफर करना पड़ता है। सीएचसी बीरोंखाल मे गर्भवती महिलाओं का ही अल्ट्रासाउंड होता है। सीएचसी प्रभारी डा.शैलेंद्र रावत ने बताया कि अन्य मरीजो को अल्ट्रासाउंड के लिए काशीपुर, रामनगर के लिए रेफर किया जाता है।

स्वयं सेवकों ने घोष से किया श्रद्धालुओं का स्वागत

घराट रोड स्थित शिव मंदिर में रचनाएं बजाकर श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए स्वयं सेवक।

कोटद्वार : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के घोष विभाग की ओर से अखिल भारतीय घोष दिवस पर घराट रोड स्थित शिव मंदिर पर विभिन्न रचनाएं बजाकर महाशिवरात्रि में आने वाले श्रद्धालु का स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अखिल भारतीय स्तर पर 2024 में दस हजार स्वयं सेवकों का एक वर्ग अयोध्या में होने वाला है जिसकी तयारी भी अभी से की जा रही है। घोष के वादन में स्वयं सेवक शामिल होंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर में स्वयं सेवकों ने नगर घोष प्रमुख रोहित नेगी के नेतृत्व में बंशी, आनक, झल्लारी, बिगुल आदि से श्रीराम, उदय, कावेरी, सोनभद्र, किरण, चेतक आदि रचनाएं बजाई। इस अवसर पर नितिन, अभिषेक,नगर प्रचारक आशुतोष, नगर विस्तारक अंकुश, नगर प्रचार प्रमुख राजेश जोशी सहित अन्य स्वयं सेवक मौजूद रहे।

मीडिया से स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम 21 को

श्रीनगर गढ़वाल : प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत 21 फरवरी से श्रीनगर विधानसभा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। 21 फरवरी को भाजपा श्रीनगर मंडल कार्यसमिति की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही इसी दिन श्रीकोट के उदयराज होटल में मीडिया से स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेंगे। भाजपा पौड़ी जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि इसी दिन डा. रावत खिर्सू भाजपा मंडल कार्यसमिति में प्रतिभाग करेंगे। बताया कि डा. धन सिंह रावत 22 फरवरी को पैठाणी और पाबों मंडल की कार्यसमिति में शामिल होंगे। उन्होंने जनपद के सभी मीडिया कर्मियों से स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है। जिससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सुझाव मिल सकें।

विधायक से की खस्ताहाल सड़क का सुधारीकरण करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कोट ब्लाक के पलोटा गांव को जाने वाली सड़क की खस्ताहाल हालत से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वह कई सालों से सड़क सुधारीकरण की मांग कर रहे है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

खस्ताहाल सड़क से गांव में लगातार पलायन हो रहा है। ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन देकर जल्द ही सड़क की हालत सुधारने की मांग की है।

पलोटा गांव के ग्रामीण जगत सिंह ने विधायक को दिए ज्ञापन में कहा है कि पलोटा-चमोली, डमोंड-पित गांव को जाने वाली सड़क का पिछले 20 सालों से डामरीकरण नहीं हो पाया है।

बरसात के समय सड़क में पानी भरने से ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कहा कि सड़क की खस्ताहाल हालत से बुजुर्ग ग्रामीणों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहा कि सड़क की खस्ताहाल हालत से गांव से लगातार पलायन हो रहा है। बताया कि शासन से लेकर प्रशासन तक कई बाद गुहार लगाने के बाद भी समस्या का हल नही हो पा रहा है। उन्होंने जल्द ही खस्ताहाल सड़क का सुधारीकरण करने की मांग विधायक से की है।

गेंठाणा बांगर में हुआ दो दिवसीय मेले का आयोजन

रुद्रप्रयाग। ग्राम पंचायत गेंठाणा बांगर में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर घंडियाल जन जागरण समिति द्वारा दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें देव डोलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गयी।

पहले दिन शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल ने एवं अन्तिम दिन रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने युवाओं व महिलाओं से क्षेत्र में धार्मिक,सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहरों के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने हर वर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर गेंठाणा में भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन करने के लिए ग्राम वासियों को बधाई देते हुए मेले में हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

सरकार की शुद्धि–बुद्धि को कांग्रेसियों ने किया जलाभिषेक

नई टिहरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कांग्रेसियों ने सत्येश्वर महादेव मंदिर में प्रदेश सरकार की शुद्धि–बुद्धि के लिए जलाभिषेक कर शिव की पूजा–अर्चना की। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश सरकार को भगवान सद्बुद्धि दे। शनिवार को शिवरात्रि के के महापर्व पर कांग्रेसी सत्येश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना करने को पहुंचे। यहां पर कांग्रेसियों से भगवान की शिव की पूजा–अर्चना करने के साथ जलाभिषेक किया। यहां पर पहुंचे कांग्रेसियों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दर्शनी रावत, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष लखबीर चौहान, कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय गुनसोला ने पूजा–अर्चना करते हुए बताया कि कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व आह्वान बेरोजगार युवाओं के साथ हो रहे अन्याय और भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग को प्रदेश सरकार के ठुकराने के निर्णय पर विरोध स्वरूप भाजपा की प्रदेश सरकार की शुद्धि–बुद्धि के लिए महादेव का जलाभिषेक पूजा–अर्चना करते हुए प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना की है। कांग्रेसियों ने कहा युवाओं का भविष्य प्रदेश में भगवान भरोसे हैं।

श्रीनगर में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व

श्रीनगर गढ़वाल : महाशिवरात्रि पर नगर क्षेत्र के शिव मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

नगर क्षेत्र के सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव, किलकिलेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, कटकेश्वर महादेव, नागेश्वर महादेव मंदिर, अल्केश्वर महादेव मंदिर, शंकरामठ आदि मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा को बेर, धतूरा, बेल-पत्र, गंगा जल और दूध से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिरों में भारी भीड़ होने के कारण श्रद्धालुओं को कई घंटों तक लाइन पर लगे रहना पड़ा। वहीं दूसरे ओर शुक्रवार रात को श्रीकोट स्थित चंद्रेश्वर महादेव व संयुक्त चिकित्सालय स्थित मंदिर में रात्रि जगरण के बाद महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं नागेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार चार प्रहर आरती और रूद्रीपाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर क्षेत्र में शिव पार्वती विवाह की सुंदर झांकी भी निकाली गई। कमलेश्वर मंदिर में मंहत आशुतोष पुरी, शाश्वत धाम लक्ष्मोली में स्वामी अद्वैतानंद महाराज, नागेश्वर महादेव मंदिर के महंत नितिन पुरी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

चिरबटिया में होगी हिल हाथ मैराथन प्रतियोगिता

रुद्रप्रयाग। जिला प्रशासन के सहयोग से पहल हिमालया द्वारा 12 मार्च को चतुर्थ चिरबटिया हिल हाफ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पहल हिमालया संस्था की ओर से महाराज सिंह,पूनम,अर्जुन मेहरा व किरण कैंतुरा ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागियों को 20 फरवरी तक अपना रजिस्ट्रेशन करवाना है, जिसमें 21किमी,10 किमी, 5 किमी व 3 किमी की दौड़ आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में महिलाओं की 16 टीमों का चयन रस्साकशी के लिए भी किया जाएगा,कहा कि प्रतियोगिता में प्रोफेशनल धावकों,सैनिक,पुलिस व स्पोर्ट्स कॉलेज को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं और युवतियों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अपील की है।

बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में गोस्वामी समाज के लोगों ने शिरकत की। सम्मेलन में हाईस्कूल और इंटर में 70 प्रतिशत अंक से ऊपर प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम में समाज के 70 वर्ष से ऊपर के आयु वाले बुजुर्गों को समाज में अच्छे कार्य करने पर परिवार सहित सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रभान पुरी, संचालन पदम गिरी और विनोद पुरी ने संयुक्त रूप से किया।

मलकपुर चुंगी के पास हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने कहा कि गोस्वामी समाज का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है।

गोस्वामी समाज ने अच्छे कार्यों के लिए लोगों को दिशा दिखाने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. महेश गिरी ने कहा कि समाज से दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन गिरी ने कहा कि गोस्वामी समाज मेधावी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दयानंद गिरी, सुरेश गिरी, सुभाष गोस्वामी, नरेंद्र पुरी, संजय गोस्वामी, श्रवण गोस्वामी, अनुज गोस्वामी, सचिन गोस्वामी, हरिओम गिरी, रमेश गिरी, मुकेश गिरी, कृष्ण पुरी, रविंद्र गिरी, जितेंद्र गिरी, मुकेश गिरी, राकेश गिरी, शीतल गिरी, अजय गिरी, प्रेम गिरी, प्रमोद गिरी, मांगेराम गिरी, सुभाष गिरी, मदन गिरी, बालूराम गिरी, चंद्रभान गिरी, लवकुश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 लोगों के काटे चालान

पौड़ी : डीएम की फटकार के बाद राजस्व, पुलिस और परिवन विभाग जाग गया है। पौड़ी-टेका मोटर मार्ग पर तहसील, पुलिस व परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से यातायात नियमों उल्लंघन करने पर 20 लोगों का चालान किया। एसडीएम आकाश जोशी के नेतृत्व में टीम ने पौड़ी-टेका मोटर मार्ग पर प्राइवेट, व व्यवसायिक वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों रोका। शराब पीकर वाहन चलाने पर एक व्यक्ति का चालान किया गया। जबकि बिना हेलमेट, बिना डीएल और प्रदूषण प्रमाण ना होने, फिटनेस व ओवर स्पीड वाहन चलानें पर सहित कुल 20 लोगों का चालान किया गया। एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि मौके पर ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत चालकों का यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। साथ ही उन्हें निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशा ना करने वाहन चलाने, सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करने को जागरूक किया गया। इस दौरान टीम में परिवहन कर अधिकारी जयंत वशिष्ठ, पौड़ी कोतवाल गोविंद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेश रावत आदि मौजूद थे।

बीरोंखाल भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष बनें धीरेंद्र

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीरोंखाल भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। बताया कि जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, जिला प्रभारी विजय कपरवाण की सहमति के बाद कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया गया है। बीरोंखाल भाजपा बीरोंखाल मंडल अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर धीरेंद्र चंद, कीरतेश नेगी, प्रदीप नेगी, राजे सिंह, सुरेंद्र ढौंडियाल, दलीप सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, हर्षपाल गुसाईं, अनिल डिमरी को महामंत्री बनाया गया है।

जबकि यशवंत बिष्ट को सोशल मीडिया व विनोद गुसांई को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने अभी से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए केंद्र, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

अटरिया रोड से मोबाइल, एटीएम लूटने वाले दो दबोचे

रुद्रपुर। अटरिया रोड पर एक युवक का मोबाइल और उसमें रखा एटीएम कार्ड झपटने वाले स्कूटी सवार तीन युवकों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल व एटीएम कार्ड के जरिए निकाले गए 14500 रुपये बरामद कर लिए हैं। पुलिस उनके फरार साथी की तलाश कर रही है। ट्रांजिट कैंप निवासी विक्की सागर से 16 फरवरी की रात स्कूटी सवार युवकों ने अटरिया रोड पर मोबाइल झपट लिया था। युवकों ने मोबाइल के कवर में रखे एटीएम से नेट बैंकिंग के जरिए 21 हजार रुपये भी निकाल लिए। मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा ने मामले की जांच की और सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इससे पुलिस को युवकों की फुटेज मिली। शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि फुटेज में कैद तीन संदिग्ध युवक एफसीआई के सामने मैदान के आसपास हैं। सूचना पर आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा, एसआई प्रकाश भट्ट आदि ने दो युवकों को पकड़ लिया। तीसरा भागने में कामयाब रहा। पुलिस पूछताछ में इन युवकों ने अपना नाम आनंद विहार ट्रांजिट कैंप निवासी रवि प्रकाश ठाकुर और एच ब्लॉक ट्रांजिट कैंप निवासी संदीप कुमार बताया। फरार साथी का नाम आकाश यादव निवासी आनंद विहार बताया।

महा शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

अल्मोड़ा। ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र सोमेश्वर की ओर से महा शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया। बाजार में प्रभात फेरी निकालकर सभी को परमात्मा शिव का आध्यात्मिक संदेश दिया गया। दिल्ली से आए ब्रह्माकुमार गणेश ने आध्यात्मिक रहस्य बताया कि शिव ही सर्व आत्माओं के परमपिता हैं। वर्तमान में प्रजापिता ब्रह्मा के साकार माध्यम द्वारा परम शिक्षक बन आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। लीला बोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अपनी शुभकामनाएं दी। इससे पहले ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने ध्वजारोहण कर ब्रह्माकुमारी संस्था की विश्वव्यापी गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों के अलावा ब्रह्माकुमार गिरीश, नंदा यक्ष बल्लभ, नवीन और ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नियमित विद्यार्थी रहे।

संस्थापक स्व. भट्ट की जयंती पर बियरशिवा रानीखेत में हुए विभिन्न कार्यक्रम

अल्मोड़ा। चिलियानौला स्थित बियरशिवा पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक स्व. एनएनडी भट्ट की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता अधिकारी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने स्व. एनएनडी भट्ट के जीवन पर प्रकाश पर प्रकाश डाला। विद्यालय की एकेडमी निदेशक प्रीति पांडे ने भी स्व. भट्ट के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा का दीपक जलाकर समाज में अशिक्षा के अंधकार को मिटाने के लिए स्कूल की शुरूआत की।

मंदिरों में रही शिवभक्तों की भीड़

नैनीताल। महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने शनिवार सुबह जलाभिषेक किया। कालाढूंगी व कोटाबाग क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना करने को दिनभर शिवभक्तों की भीड़ रही। जगह–जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया था। कालाढूंगी शिव मंदिरों में सुबह से देर शाम तक पूजा–अर्चना करने वालों की भीड़ जुटी रही। वहीं बोरपुल स्थित बोरेश्वर मंदिर, मोटेश्वर महादेव, सीतावनी, धनियाल देवी मंदिर आदि मंदिरों में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई। कालाढूंगी के शिव मंदिर में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा।

कुमाउनी बोली, भाषा व संस्कृति विषय पर हुई गोष्ठी आयोजित

बागेश्वर। उत्तराखंड पत्रकार एवं साहित्यकार समिति के तत्वाधान में कुमाउनी बोली, भाषा व संस्कृति विषय पर गरुड़ में गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र प्रकाश फुलोरिया ने कहा कि हमें अपने घर से ही कुमाउनी बोलने की शुरुआत करनी होगी, तभी कुमाउनी भाषा समृद्ध होगी। आदर्श ज्ञानार्जन विद्यालय में आयोजित गोष्ठी में अल्मोड़ा से आए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ फुलोरिया ने कहा कि हमें घरों में अपने बच्चों से कुमाउनी में बात करनी चाहिए। गोष्ठी में वक्ताओं ने कुमाउनी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि आज कुमाउनी बोली भाषा का रूप ले चुकी है। इस मौके पर वक्ताओं ने प्रत्येक विद्यालय में कुमाउनी भाषा शिक्षक की नियुक्ति करने पर जोर दिया। वरिष्ठ साहित्यकार रमेश चंद्र पांडे बृजवासी ने कहा कि कुमाउनी भाषा में आज प्रचुर साहित्य उपलब्ध है। साहित्य की प्रत्येक विधा में आज कुमाउनी पुस्तकें लिखी गई हैं। कई लोग निरंतर कुमाउनी में लिखकर इसके साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि कई पत्र–पत्रिकाएं आज कुमाउनी में छप रही हैं। उन्होंने कहा कि इतना सब कुछ होते हुए भी अभी तक कुमाउनी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। साहित्यकार रतन सिंह किरमोलिया ने कहा कि कुमाउनी को रोजगार से जोड़ा जाना चाहिए, इसके लिए प्राथमिक से लेकर माध्यमिक विद्यालयों में एक कुमाउनी भाषा शिक्षक की नियुक्ति की जानी चाहिए। इससे अपनी बोली, भाषा के प्रति लोगों में रुझान भी बढ़ेगा। गोष्ठी की अध्यक्षता मोहन जोशी ने की तथा संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान डॉ हेम चंद्र दुबे, विशन दत्त पांडे, त्रिलोक बुटौला, सुंदर सिंह बरोलिया, रतन सिंह किरमोलिया, रमेश पांडे आदि मौजूद थे।

नवीन भट्ट को सितारगंज युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया

सितारगंज, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शशांक बिष्ट ने नवीन भट्ट को सितारगंज युवा मार्चा का मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किया है। रविंद्र पाल ग्रेवाल नानकमत्ता और सुबीर सरकार शक्तिफार्म मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किये हैं। शशांक बिष्ट ने जनपद की जारी सूची में जगजीत सिंह के रुद्रपुर ग्रामीण, गोविंद शर्मा को रुद्रपुर उत्तरी, नवन चावला को रुद्रपुर दक्षिणी, शेखर सिंह कोरंगा को पंतनगर, दिव्यांश लुथरा को किच्छा नगर, अमित कुमार को बरा, गौरव नगी को झनकट, राहुल पटेल को नौसर, हिमांशु अग्रवाल को खटीमा नगर, रोबिन चंद्र को चकरपुर का मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किया है। शनिवार को सितारगंज में भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवीन भट्ट का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवीन भट्ट ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल से मुलाकात कर धन्यवाद दिया।

यूकेपीएससी भर्ती घोटाले की जांच की मांग को युवाओं का धरना जारी

अल्मोड़ा। यूकेपीएससी भर्ती घोटाले समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बेराजगार युवाओं का धरना जारी है। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर भी युवा गांधी पार्क में धरने पर बैठे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग उठाई। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से युवा बेरोजगार पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को धरना प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन सरकार भर्ती घोटाले मामले में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं ले पा रही है। युवाओं ने कहा कि जब तक यूकेपीएससी भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश नहीं हो जाते तब तक युवाओं का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। यहां विनोद चंद्र तिवारी, अजय जोशी, देवेंद्र प्रसाद, ललित सिंह, विकास रहे।

सोमेश्वर में ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ब्रह्म कुमारीज ने निकाली प्रभात फेरी

अल्मोड़ा। ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र सोमेश्वर ने महा शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया। बाजार में प्रभात फेरी निकालकर सभी को परमात्मा शिव का आध्यात्मिक संदेश दिया गया।

दिल्ली से आए ब्रह्माकुमार गणेश ने आध्यात्मिक रहस्य बताया कि शिव ही सर्व आत्माओं के परमपिता हैं। वर्तमान में प्रजापिता ब्रह्मा के साकार माध्यम द्वारा परम शिक्षक बन आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। बहन लीला बोरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने अपनी शुभकामनाएं दी। इससे पहले ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने ध्वजारोहण कर ब्रह्माकुमारी संस्था की विश्वव्यापी गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों के अलावा ब्रह्माकुमार गिरीश, नन्दा यक्ष बल्लभ, नवीन तथा ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नियमित विद्यार्थी मौजूद रहे।

रोक के बाद निर्माण कार्य होने से विवाद

हल्द्वानी। उत्थान मंच में निर्माण को लेकर एक बार फिर विवाद पैदा हो गया। शिवरात्रि पर्व पर कुछ लोगों ने विवादित निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इससे उत्थान मंच के लोग भड़क गए। मंच के लोगों ने दूसरे पक्ष पर रोक के बाद भी निर्माण कार्य शुरू करने का आरोप लगाया। विवाद बढ़ने पर सूचना पुलिस को दी गई। एसएसआई विजय मेहता के नेतृत्व में मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने निर्माण कर रहे लोगों को रोक दिया। साथ ही बात नहीं मानने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। एसएसआई विजय मेहता ने बताया कि फिलहाल मामला शांत करा दिया गया है। दूसरे पक्ष को निर्माण कार्य नहीं करने को कहा गया है।

आठ लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

रुद्रपुर। बिजली की लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी करने वाले आठ लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार को एसडीओ अंबिका यादव ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने कहा 16 फरवरी को भुड़िया मोहम्मदपुर निवासी सोमवती, उमेश सिंह राणा, राम प्रकाश राणा, गुलाब प्रसाद, राजेश सिंह, वीर सिंह, संतोष कुमार, बलराम सिंह पोल से बिजली चोरी करते पकड़े गए थे। सभी मामलों की विवेचना सत्रहमील पुलिस चैकी इंचार्ज एसआई संदीप पिलख्वाल कर रहे हैं।

महाशिवरात्रि पर्व पर किया गया होली गायन

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल के नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर बाहर से आये होल्यार निधि जोशी, नवीन बेगाना, व अजय कुमार द्वारा बैठी होली का गाकर सभी समिति सदस्यों को कई घन्टो तक अपनी राग रागिनी में बाँधे रखा।

इस दौरान समिति के अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत ने भी होली गायन कर समिति सदस्यों की वाह वाही लूटी। इस दौरान समिति के महासचिव पूरन चन्द्र पांडे ने बताया जो बाहर से आये होली गायक उनका समिति द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया। उन्होंने कहा निधि जोशी, नवीन बेगाना व अजय कुमार हर वर्ष अपनी मधुर आवाज से होली गायन कर सभी का उत्साह वर्धन करते आये हैं। इसी क्रम में होली गायन मनोज पांडे, हिम्मत सिंह समेत कई लोगों ने होली गायन किया। महासचिव श्री पांडे ने बताया आगमी पाँच मार्च को बहुत बड़े स्तर पर स्कूली बच्चों से लेकर महिलाओं, व पुरुषों की होली का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से व आम जनमानस से अनुरोध किया है अधिक से अधिक संख्या में आकर होली गायन का लुत्फ उठाये। होली कार्यक्रम को सफल बनाने में बरिष्ठ समिति सदस्य महेश तिवारी, लक्ष्मण सिंह, उर्बादत जोशी, दिनेश जोशी, इन्द्र सिंह रावत,विनोद सनवाल, बीरेंद्र जोशी, पंकज वर्मा, कैलाश जोशी, ललित मोहन पांडे,प्रकाश, चन्दोला, गणेश लोहनी, कंचन चन्दोला, दीपक जोशी, संतोष पन्त, बीजी बाबा, प्रकाश जोशी, ललित गोस्वामी, गौरव जोशी, विकास बडोला, उमेश सनवाल, श्री बिष्ट, कमल किशोर,बसंत जोशी,शेखर जोशी,नीरज डालाकोटी, बिपीन पंत, समेत समति सदस्य मौजूद रहे।

यातायात नगर पुलिस चौकी को थाना बनाने की मांग

हल्द्वानी। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने हल्द्वानी यातायात नगर पुलिस चौकी को थाना बनाने की मांग को लेकर डीजीपी को ज्ञापन सौंपा। वहीं व्यापारियों ने शहर में प्रतिदिन लग रहे जाम की समस्या से भी निजात दिलाने की मांग की। शनिवार को सुबह देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कुमाऊं मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा के नेतृत्व में शहर की जाम व्यवस्था के संबंध में डीजीपी अशोक कुमार से सर्किट हाउस में मुलाकात की। व्यापारियों ने कहा अब यातायात नगर पुलिस चौकी को थाने का दर्जा दिया जाए। इस चौकी का निर्माण केवल यातायात नगर की देखरेख के लिए किया गया था, लेकिन चौकी का कार्य क्षेत्र काफी बढ़ा दिया गया है। इसमें देवलचौड़ से लेकर फुटक्कुआं गन्ना सेंटर, मानपुर पश्चिम, मानपुर दक्षिण, जीतपुर नेगी, पंचायत घर, बिरला स्कूल, बेलबाबा, हरिपुर, जन्म सिंह, महर्षि स्कूल वाला क्षेत्र जोड़ दिया गया है। जिससे इस पुलिस चौकी का कार्यभार काफी बढ़ गया इस वजह से क्षेत्र में अपराध काफी बढ़ रहा है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग नैनीताल–दिल्ली हाईवे इसी के क्षेत्र में पड़ता है। मंडी बाईपास यातायात नगर के तीनों गेट व देवलचौड़ में अधिकतर जाम की समस्या बनी रहती है। यातायात नगर चौकी पुलिस जाम व्यवस्था देखने में ही व्यस्त रहती है। व्यापारियों ने चौकी को थाना बनाने की मांग की। डीजीपी अपने स्तर से हर तरीके के सहयोग का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अमरजीत सिंह बोपारा, वरिष्ठ व्यापारी दलजीत सिंह चड्ढा, पंकज खत्री, रमन चौधरी, प्रताप सिंह आदि रहे।

टीबी मरीजों को गोद लेने के निर्देश

चम्पावत। डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने रेडक्रास सोसाइटी को हर माह टीबी के दस मरीजों को गोद लेने के निर्देश दिए हैं। टीबी फोरम की बैठक में डीएम ने पांच फीसदी टीबी के मरीजों की जांच ओपीडी में करने को कहा। कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने टीबी फोरम के कार्यों की समीक्षा की। डीटीओ डॉ.कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि निक्षय निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को लाभ दिया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शिक्षामित्रों के जरिए टीबी मरीजों को फूड किट बांटे जा रहे हैं। बाद में डीएम ने टीबी से जंग जीतने वाले जगदीश चंद्र, ऋतिक शर्मा, कविता और रवि महरा को सम्मानित किया। बैठक में एसीएमओ डॉ.श्वेता खर्कवाल, डॉ.इंद्रजीत पांडे, डीपीएस अशोक जोशी, हरी मोहन सिंह, मदन सिंह अधिकारी मौजूद रहे।

नकल विरोधी कानून बनाए जाने पर विद्यार्थियों ने किया सीएम धामी का आभार व्यक्त

रुद्रपुर। विद्यार्थियों ने शनिवार को बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर नकल विरोधी कानून बनाए जाने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल विरोधी कानून आने से परीक्षाएं पारदर्शिता और निष्पक्षता से सम्पन्न होंगी। साथ ही आने वाले दिनों में आम जनता को योजनाओं का लाभ भी आसानी और शीघ्रता से मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल विरोधी कानून आने से परीक्षाएं पारदर्शिता, निष्पक्षता से होंगी। साथ ही शासकीय कार्यों का निर्वहन समयबद्धता, पारदर्शिता और सरलता से होगा। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को आसानी और शीघ्रता से प्राप्त होगा। इस दौरान सीएम धामी ने विभिन्न महाविद्यालयों पहुंची छात्राओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य को बनाने और राज्य के विकास में मातृशक्ति, नारी शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। मातृ शक्ति की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बहुत सारी योजनाएं लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए गौरा शक्ति एप लांच किया है। उन्होंने युवतियों और महिलाओं से गौरा शक्ति एप डाउनलोड कर अपना रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की।मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को बताया कि रजिस्ट्रेशन होते ही वह संबंधित थाने के ऑटोमेटिक सर्विलांस पर आ जाएंगे और सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित थाने की होगी। उन्होंने कहा कि गौरा शक्ति एप मातृशक्ति के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। इस दौरान डीएम युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, रमेश जोशी रामू, संतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

टनकपुर में शिवरात्रि पर उमड़ी भक्तों की भीड़

चम्पावत। टनकपुर में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान भक्तों ने मंदिर में विधि–विधान से पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व के दौरान टनकपुर मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, ज्ञानखेडा शिव मंदिर, विष्णुपुरि शिव मंदिर, पंचमुखी महादेव, सैलानीगोठ शिव मंदिर आदि जगहों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस दोरान भक्तों के शिव जयकारों के साथ मंदिर गुंजायमान हो उठा।

कलना बैंड के पास पलटा वाहन, दो घायल

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत बागेश्वर–कांडा मोटर मार्ग स्थित कलना बैंड के पास एक ट्रैवलर वाहन सड़क पर पलट गया। इस हादसे में दो लोगों को चोट आई है। दोनों को जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार 16 लोगों का दल दिल्ली से पहाड़ घूमने आया था। शिवरात्रि की सुबह बाबा बागनाथ के दर्शन के बाद दल पाताल भुवनेश्वर घुमने जा रहा था। घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टर गुंजन आर्या ने बताया की दो लोगों के हाथ में फैक्चर है।

25 फरवरी को होगा पोखरम का आठवां होली महोत्सव

अल्मोड़ा। पोखरम संस्थान की ओर से प्रति वर्ष आयोजित होने वाली शास्त्रीय पद्वति की कुमाउनी बैठकी होली का इस बार भी भव्य आयोजन होगा। पोखरम इस बार अपना आठवां होली महोत्सव आयोजित करने जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी यहां देश के नामचीन होली गायक अपनी गायकी से शमा बांधेंगे। दिल्ली, लखनऊ, देहरादून, रुद्रपुर, रामनगर, हल्द्वानी, नैनीताल, अल्मोड़ा, रानीखेत, पिथोरागढ़ इत्यादि स्थानों से कई जाने–माने गायक यहां पहुंच रहे हैं। पोखरम संस्थान के निदेशक त्रिभुवन बिष्ट ने बताया कि शनिवार 25 फरवरी के दोपहर से 26 फरवरी की सुबह तक यह महोत्सव चलेगा। इसमें कुछ प्रमुख होल्यारों को पोखरम होली सम्मान से भी सम्मानित किया जाएगा।

पिथौरागढ़ में हर–हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

पिथौरागढ़। सीमांत में शिवरात्रि का पर्व उत्साह से मनाया गया। सुबह तड़के से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने विधिवत मंदिर में पूजा–अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से परिवार की सुख–समुद्धि की कामना की। कई मंदिरों में भीड़ अधिक होने से लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। शिवालय हर–हर महादेव के जयकारों से पूरे गूंजते रहे। शनिवार को शिवरात्रि पर जिला मुख्यालय में घंटेश्वर महादेव, पुरानी बाजार, पांडे गांव और टपकेश्वर महादेव में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पंडितों ने वैदिक मंत्रोचारों के साथ लोगों की पूजा–अर्चना संपन्न कराई। गोकर्णेश्वर महादेव में पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में लोगों को जलाभिषेक के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में क्षेत्र के लोग भारी संख्या में पहुंचे। सेरा-देवल मंदिर में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटी रही। यहां भगवान सेरादेवल की लोगों ने श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा–अर्चना कर सफल जीवन का आशीष मांगा।

शिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चमोली। शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर कर्णप्रयाग और आस पास के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नगर के मुख्य बाजार, संगम, सांकरी, जलेश्वर, तटेश्वर महादेव मंदिर सिमली, वशिष्ठेश्वर मंदिर लंगासू, सिलंगी, तुलसी महादेव सोनला, विराजकुंज, बसुकेदार सहित कई अन्य मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कई जगह मंदिरों में रूद्रीपाठ का आयोजन किया गया।

शिवमय हुई गोपेश्वर नगरी

महाशिवरात्रि पर्व पर शिवनगरी गोपेश्वर शिवमयी हुयी। हजारों भक्तों ने भगवान शिव की पूजा–अर्चना की। उत्तराखंड के प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि के ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात्रि चार के चार प्रहर तक दर्शन पूजन, अर्चन किया। भगवान का रुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर बम–बम भोला परिवार के सौजन्य से दो दिवसीय रुद्र महोत्सव का आयोजन रामलीला मैदान के सजे शिव दरबार में किया गया। जिसमें भगवान शिव और माता नन्दा के भजन, जागर, गीत, नाट्य विधा, सहित विभिन्न धर्ममयी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव पार्वती के विवाह को धर्ममय ढंग से आयोजित किया। शिव पार्वती की झांकी निकाली गयी। पूरा नगर बारात में शामिल हुआ। और महाशिवरात्रि जागरण आयोजित किया गया।

गैरसैंण के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की पूजा–अर्चना

चमोली। गैरसैंण के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। देर शाम तक मंदिर बम बम महादेव के उद्घोषों से गूजते रहे।

अंग्यारी महादेव, बिच्छेश्वर महोदव, माईथान मंदिर, खाडयू महादेव, झंनकारेश्वर महादेव, शिव मंदिर कूनीगाड़ के साथ ही शिव मंदिरों में भक्तों ने जल, बेलपत्री तथा अन्य अनुष्ठान किये। प्रखड़ के गंगेश्वर महादेव मंदिर धुनारघाट में सुबह से ही बाबा के भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र शाह एवं कोषाध्यक्ष कुंवर खत्री ने कहा कि इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा अधिक भक्त मंदिर में दर्शन–पूजा करने आये भीड़ को देखते हुये मंदिर परिसर में कई सीसीटीवी भी लगाये गये हैं।

साहित्य सृजन की अहम भूमिका में है संस्कृत भाषा

चमोली। डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा में दर्शन का योगदान (राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में) पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें बतौर मुख्य वक्ता हरियाणा महाविद्यालय के डा. जोरावर सिंह ने कहा संस्कृत भाषा को पुरातन भाषा का दर्जा है और पुरातनकाल में संस्कृत भाषा को साहित्य सजृन की जननी के रूप में जाना जाता है, जिसका पुख्ता सबूत हमारे वेद–पुराण है। दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर डा. जोरावर ने संस्कृत विषय पर कई जानकारियां दी। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी, डा. हरीश रतूड़ी व डा. वाईसी नैनवाल संस्कृत की महत्ता को रखते हुए युवा पीढ़ी से साहित्य अध्ययन को जरूरी बताया। कार्यक्रम में डा.मृगांक मलासी, डा. हरीश बहुगुणा, डॉ.कविता पाठक, डॉ. चंद्रावती टम्टा, असिस्टेंअ प्रोफेसर कीर्तिराम डंगवाल, डॉ. आर.सी. भट्ट , डा.मदन लाल शर्मा सहित कई ने अपने विचार व्यक्त किए।

ग्रामीणों ने जताया विरोध

चमोली। अगथला के निवासियों ने नगर पंचायत पीपलकोटी द्वारा सेमलडाला पार्क के समीप कूड़ादान व स्टोर का निर्माण पर नाराज़गी जताते हुए अपना विरोध जताया है। अगथला गांव के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी हिमांशु खुराना को ज्ञापन सौंप कर कहा कि जिस स्थल पर नगर पंचायत द्वारा कूड़ादान व स्टोर का निर्माण किया जा रहा है वह भूमि ग्राम वासियों की है। उसका 30 प्रतिशत मुआवजा अधिग्रहण के समय से दिया जाना था, जो कि अभी तक नही दिया गया है। भूमि ग्राम वासियों ने विकास के लिये सरकार को दी थी, लेकिन उक्त प्रयोजन को छोड़कर उक्त भूमि कूड़ादान एवं स्टोर के लिए नगर पंचायत पीपलकोटी बिना ग्राम वासियों की सहमति के निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा की यात्रा के मुख्य पड़ाव पर कूड़ादान व स्टोर बना ठीक नही हैं,

सुप्रभात सोत्र को किया लांच

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के बाद गद्दी स्थल में वेदपाठी मृत्युंजय हीरेमठ के केदारनाथ सुप्रभात सोत्र को लांच किया गया। मृत्युंजय हीरेमठ लंबे समय से भगवान महादेव के भजनों को गा रहे हैं। यूट्यूब में इनके भजनों को मिलियन में व्यूज मिलते हैं और लोग काफी पसंद करते हैं। इस मौके पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, ईओ आरसी तिवारी तिवारी, गुरुलिंग पुजारी, पुजारी शिवशंकर लिंग, वागेश लिंग, धर्माधिकारी ओंकार शुक्ला, बद्रीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन उनियाल, कुशाल नेगी, देवानन्द गैरोला आदि मौजूद थे।

शिवालयों में श्रद्धालुओं का लगा तांता

नई टिहरी। शिवरात्रि का महापर्व जनपद में धूमधाम से मनाया गया। जनपद के प्रमुख मंदिर त्रिदेव, सत्येश्वर महादेव, ओणेश्वर महादेव, बगासू महादेव, कोटेश्वर महादेव, देवलसारी महादेव मंदिरों तड़के ब्रहममुहुर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। इन मंदिरों में दोपहर तक श्रद्धालुओं की लाईनें भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक को लगी रही। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा–अर्चना के साथ ही शिवस्त्रोत, शिव चालीसा व ओम नमः शिवाय का जाप किया। शिवरात्रि शनिवार के दिन होने से इसका खास महत्व रहा। लोगों ने शनि प्रदोष का व्रत रखते हुए शिव आराधना की। मुश्किल इच्छाओं की कामनो के लिए बिल्वपत्र के ऊपर चंदन लगाकर शिव को अर्पित किये गये। श्रद्धालुओं शिवालयों में तन्मयता से रूद्राभिषेक का पाठ भी किया। शिवरात्रि के पावन पर्व पर जलाभिषेक व शिव दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालु घंटों खड़े रहे, लेकिन शिव आराधना करने के बाद ही मंदिरों से निकले।

नई पीढ़ी को कराएं शास्त्रों का ज्ञान

रुड़की। श्री सनातन धर्म रक्षिणी सभा ने श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर सिविल लाइंस में कलश–सर्प की विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना कराई। सभा के उप प्रधान विष्णु अग्रवाल ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व पर सभा की ओर से विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। मंत्री सौरभ भूषण ने कहा कि सभा निरंतर सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में कार्य करती रहती है। अब वह समय आ गया है जब हमें आने वाली नई पीढ़ी को भी अपने सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना है। उन्हें शास्त्रों का ज्ञान कराना है।

धूमधाम से निकाली शिव बारात, झूमे भक्त

हरिद्वार। महाशिवरात्रि के अवसर पर भीमगोड़ा स्थित गोसाई गली के हरिहर मंदिर से गिरी नामा गोसाई महासभा ने धूमधाम से शिव बारात निकाली।

शिव बारात गोसाई गली, रेलवे फाटक, खड़खड़ी, भीमगोड़ा, श्रीरामलीला भवन होते हुए हरिहर मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। गिरी नामा गोसाई महासभा के अध्यक्ष व विश्व गुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश सचिव बादल गोस्वामी के नेतृत्व में शिव बारात का आयोजन किया गया। शिव बारात में गिरी नामा गोसाई महासभा के संस्थापक बलराम गिरी, गुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद गिरी, प्रदेश उपाध्यक्ष शत्रुघनगिरी, कोषाध्यक्ष राजीव गिरी, प्रदेश सचिव नवरत्न गिरी आदि शिव बारात में शामिल हुए। शिव बारात का महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी, भीमगोड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विकास शर्मा, वैभव सुखीजा, अनुज गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, पार्षद कैलाश भट्ट ने शिव बारात का स्वागत किया।

प्रज्ञेश्वर महादेव का महाभिषेक कर मांगी विश्वशांति

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में स्थित प्रज्ञेश्वर महादेव का गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं श्रद्धेया शैलदीदी ने महाभिषेक कर विश्व शांति की कामना की।अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख व देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. पण्ड्या ने कहा कि यदि हम जीवन में शुभ कार्य करें, तब ही हम कल्याणकारी शिव के प्रिय बन सकेंगे। भले कार्य में लगे रहना ही शिव पूजा है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का मानव को संदेश है कि ह्यहे संसार के लोगो उठो जागो यदि अपनी और दूसरों की सुख–शान्ति चाहते हो, तो अपरिग्रह, सादा जीवन, उच्च विचार, अक्रोध, परोपकार, समता, परमात्मा की समीपता को अपनाओ। भोग–विलास का जीवन व्यतीत करने से क्षणिक सुख भले ही मिल जाए, परन्तु उनमें स्थायित्व नहीं है।

बाइक लेकर फरार युवक पौंटा साहिब से पकड़ा

रुड़की। सुल्तानपुर में बाइक शोरूम से युवक टेस्ट ड्राइव की बात कहकर सवा लाख कीमत की नई बाइक लेकर लापता हो गया। युवक ने अपनी पुरानी बाइक वहीं छोड़ दी।

शोरूम मालिक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को नई बाइक सहित पकड़ लिया।

सुल्तानपुर के शादाब पुत्र मुसव्विर का सुल्तानपुर में ही बाइक का शोरूम है।

महिला के क्रेडिट कार्ड से 2.19 लाख की ठगी

रुड़की। महिला के क्रेडिट कार्ड से दो लाख से अधिक की रकम उड़ा ली। आरोप है कि बैंक कर्मियों की मिलीभगत से क्रेडिट कार्ड से रकम निकाली गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली को पूर्वावाली गणेशपुर निवासी संगीता धवन ने तहरीर देकर बताया कि भारतीय स्टेट बैंक बीटीगंज की शाखा में खाता है। क्रेडिट कार्ड की लिमिट 1.60 लाख थी। लेकिन कुछ समय बाद केवाईसी अपडेट कराने के लिए कॉल आई और पुराना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने की जानकारी दी गई। नया कार्ड जनरेट करने के लिए केवाईसी अपडेट लिंक होने की बात कही थी। जबकि उन्होंने कोई भी नया क्रेडिट कार्ड लेने के लिए नहीं कहा था। कोरियर से एक नया क्रेडिट कार्ड आया। 17 दिसंबर 2022 को फोन मैसेज से पता चला कि खाते से 2.20 लाख रुपये निकाले गए हैं, जो बेंगलुरु और किसी अन्य वेबसाइट के जरिए काटे गए हैं।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

सं0	निविदा संख्या और कार्य का विवरण	लगभग लागत रुपये	अग्रिम धन रुपये	निविदा फॉर्म की लागत रु.	निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय
1	2	3	4	5	6
1	11-Snt-sig-MB-SSMC एस एंड टी वर्क इन सी/डब्लू सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ़ एडीएसटीई बरेली ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	7495397.66	149900.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
2	12SNT-SIG-SSMC-2022-23 एस एंड टी वर्क इन सी/डब्लू सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ़ एडीएसटीई हरदोई ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	8969927.46	179400.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
3	13-SNT-Sig-MB-SSMC-2022-2 एस एंड टी वर्क इन सी/डब्लू सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ़ एडीएसटीई नजीबाबाद ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	9347303.30	187000.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
4	15RT-SNT-SIG-MB-SSMC-22-23 एस एंड टी वर्क इन सी/डब्लू सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ़ एडीएसटीई हरिद्वार ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	8830492.31	176600.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
5	16RT SNT-SIG-SSMC-2022-23 एस एंड टी वर्क इन सी/डब्लू सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ़ डीएसटीई। ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	8054365.32	161100.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
6	14-SNT-Sig-MB-SSMC-2022-2 एस एंड टी वर्क इन सी/डब्लू सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ़ डीएसटीई शाजहंपुर ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	8005690.36	160100.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
7	15RT-SnT-Tele-MB-2019-2020 प्रोविजन ऑफ़ सी सी टी वि कैमरा ऑन एल सी गेट ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	8316650.36	166300.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
8	02RT3-SNT-Tele-AMCMB2021-22 ए एम सी ऑफ़ सी गी डी बी एट हापुर स्टेशन प्लेटफार्म 1,2 ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	648365.22	13000.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
9	17-AMC-DGsets-MB-SIG-SNT कोम्पेहेंसिवे एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ डी जी सेट्स इन्सटाल्ड ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	2626116.92	52500.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs
10	2/Tele/S&T/MB/MR/2022-2023 प्रोविसी ओन ऑफ पैसेंजर अमेनिटीस इन कनैक्शन विद्ध द फ़ेस लिफ्ट ऑफ BJO & DPR	16890252.68	234500.00	Nil	14.03.2023 15:00 hrs

नोट :– निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना 11/12/13/14/15RT/16RT/15RT-Tele/02RT3/17/AMC/2/Tele/S&T/MB/MR/2022-23 दि0: 17.02.2023 537/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

होली विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :–

विशेष गाड़ी संख्या	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	चलने के दिन	चलने की तिथि	स्थान	ठहराव
04053	आनन्द विहार ट.	23:00	उधमपुर	13:10	सोम, गुरू	06.03.23 से 09.03.23 तक	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., एवं 3 टियर वाता.	गाज़ियाबाद, मेरठ सिटी, मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, लुधियाना, जलंधर कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।
04054	उधमपुर	21:30	आनन्द विहार ट.	11:15	मंगल, शुक्र	07.03.23 से 10.03.23 तक		
04672	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:10	नई दिल्ली	06:40	रविवार	05.03.23 से 12.03.23 तक	2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनॉमी, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	उधमपुर, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अम्बाला छावनी, कुरूक्षेत्र जं., करनाल, पानीपत एवं सोनीपत स्टेशन।
04671	नई दिल्ली	23:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	12:00	सोमवार	06.03.23 से 13.03.23 तक		
04530	बठिण्डा	21:05	वाराणसी	17:30	रवि, बुध	05.03.23 से 12.03.23 तक	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	रामपुरा फुल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं प्रतापगढ़ स्टेशन।
04529	वाराणसी	20:30	बठिण्डा	19:10	सोम, गुरू	06.03.23 से 13.03.23 तक		
04052	आनन्द विहार ट.	23:00	वाराणसी	16:10	शुक्र, रवि	03.03.23 से 12.03.23 तक	प्रथम वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान	मुरादाबाद, चन्दौसी जं., लखनऊ एवं प्रतापगढ़ स्टेशन।
04051	वाराणसी	18:30	आनन्द विहार ट.	13:20	शनि, सोम	04.03.23 से 13.03.23 तक		
04048	आनन्द विहार ट.	23:00	मुज़फ्फरपुर	21:15	सोम, बुध	06.03.23 से 08.03.23 तक	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, चन्दौसी जं., लखनऊ, गोरखपुर, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।
04047	मुज़फ्फरपुर	23:00	आनन्द विहार ट.	23:30	मंगल, गुरू	07.03.23 से 09.03.23 तक		
04518	चण्डीगढ़	23:15	गोरखपुर	18:20	गुरूवार	02.03.23 से 09.03.23 तक	प्रथम वाता.,2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।
04517	गोरखपुर	22:05	चण्डीगढ़	14:10	शुक्रवार	03.03.23 से 10.03.23 तक		
04412	आनन्द विहार ट.	11:10	सहरसा	11:20	सोम, गुरू	02.03.23 से 09.03.23 तक	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	हापुर, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जं., देवरीया सदर, सिवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।
04411	सहरसा	14:30	आनन्द विहार ट.	13:55	मंगल, शुक्र	03.03.23 से 10.03.23 तक		
04060	आनन्द विहार ट.	10:30	जयनगर	15:15	मंगल, शुक्र	03.03.23 से 10.03.23 तक	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।
04059	जयनगर	17:00	आनन्द विहार ट.	19:55	बुध, शनि	04.03.23 से 11.03.23 तक		
04062	दिल्ली जं.	08:40	बरौनी जं.	02:40	शुक्रवार	03.03.23 से 10.03.23 तक	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र एवं हाजीपुर (वाया शाहपुर पटोरी) स्टेशन।
04061	बरौनी जं.	04:45	दिल्ली जं.	23:35	शनिवार	04.03.23 से 11.03.23 तक		
04064	आनन्द विहार ट.	15:30	जोगबनी	22:30	शनिवार	04.03.23 से 11.03.23 तक	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, अयोध्या कैंट, शाहगंज जं., आज़मगढ़, मऊ जं., बलिया, छपरा, हाजीपुर जं. (वाया शाहपुर पटोरी), बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज स्टेशन।
04063	जोगबनी	01:20	आनन्द विहार ट.	11:10	सोमवार	06.03.23 से 13.03.23 तक		
04070	आनन्द विहार ट.	00:30	सीतामढ़ी	21:30	मंगल, शनि	04.03.23 से 11.03.23 तक	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर जं., नरकटियागंज एवं रक्सौल स्टेशन।
04069	सीतामढ़ी	00:15	आनन्द विहार ट.	23:45	बुध, रवि	05.03.23 से 12.03.23 तक		
04068	नई दिल्ली	19:25	दरभंगा	16:30	सोम, गुरू	02.03.23 से 09.03.23 तक	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल एवं सीतामढ़ी स्टेशन।
04067	दरभंगा	18:00	नई दिल्ली	16:40	मंगल, शुक्र	03.03.23 से 10.03.23 तक		
04066	दिल्ली जं.	23:00	पटना जं.	16:00	शनि, सोम	04.03.23 एवं 06.03.23	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।
04065	पटना जं.	17:45	दिल्ली जं.	10:35	रवि, मंगल	05.03.23 एवं 07.03.23		
03251	राजगीर	20:00	आनन्द विहार ट.	15:00	शुक्र, सोम	10.03.23 से 24.03.23 तक	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	बिहार शरिफ जं., बख्तियारपुर जं., पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
03252	आनन्द विहार ट.	23:30	राजगीर	19:15	शनि, मंगल	11.03.23 से 25.03.23 तक		
05577	सहरसा	19:10	अम्बाला छावनी	23:15	शुक्र, मंगल	10.03.23 से 17.03.23 तक	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	सिमरी बख्तियारपुर, मानसी जं., खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल (वाया सिकटा), नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, सीतापुर, मुरादाबाद एवं सहारनपुर स्टेशन।
05578	अम्बाला छावनी	03:40	सहरसा	09:45	रवि, गुरू	12.03.23 से 19.03.23 तक		
05269	मुज़फ्फरपुर	20:10	वलसाड	12:30	गुरूवार	09.03.23 एवं 16.03.23	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	हाजीपुर, छपरा, सीवान, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, शमशाबाद टाउन, आगरा कैंट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम जं., वडोदरा जं., भरूच जं. एवं सूरत स्टेशन।
05270	वलसाड	13:45	मुज़फ्फरपुर	02:30	रविवार	12.03.23 एवं 19.03.23		

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

इन्हें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उनसे उम्मीद ना रखें

जो लोग क्रोनी कैपिटलिज्म को सिर्फ भारत की परिघटना मानते हैं, उन्हें अपनी इस राय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्हें वित्तीय पूंजीवाद के वर्तमान रूप को समझना चाहिए, जिसने राजसत्ताओं पर कब्जा जमा लिया है।

एयर इंडिया, बोइंग और एयरबस तीनों प्राइवेट कंपनियां हैं। एयर इंडिया ने विमान खरीदने का सौदा अमेरिका की बोइंग और फ्रांस की एयरबस से किया है। ध्यान देने की बात है कि इस सौदे का एलान तीनों देशों के सरकार प्रमुखों ने किया। उधर इस अवसर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ाषि सुनक का भी उल्लास झलका। इसलिए कि इस सौदे से जुड़े कई पाट-पुर्जों की सप्लाई ब्रिटिश कंपनियां करेंगी। यह घटना मौजूदा दौर में राजसत्ता के बदले चरित्र की बेहतरीन मिसाल है। इसलिए जो लोग क्रोनी कैपिटलिज्म को सिर्फ भारत की परिघटना मानते हैं, उन्हें अपनी इस राय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्हें वित्तीय पूंजीवाद के वर्तमान रूप को समझना चाहिए, जिसने राजसत्ताओं पर कब्जा जमा लिया है। उसके बीच सरकारें सिर्फ उसका हित साधने की एजेंसी बन गई हैं। वे कारोबारी घरानों के हित साधती हैं। कुछ धनी-मानी घराने अपने धन और प्रचार तंत्र से चुनावों का निर्णायक नैरेटिव तैयार करते हैं। ऐसे में उनका समर्थन काफी हद तक एक निर्णायक पहलू बन जाता है। यह बात इसलिए आज अधिक विचारणीय है, क्योंकि भारत में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो सोचते हैं कि अगर नरेंद्र मोदी सरकार ने बीबीसी पर छापा डलवाया है, तो उससे पश्चिमी दुनिया में उसकी हैसियत बिगड़ जाएगी। यह संयोग है या नहीं, हम नहीं जानते, लेकिन इस विडंबना पर जरूर गौर करना चाहिए कि बीबीसी पर छापा जिस दिन पड़ा, उसी शाम नरेंद्र मोदी, जो बाइडेन, इमैनुएल मैक्रों और ाषि सुनक ने उद्देश्य के साझेपन का अद्भुत संदेश सार्वजनिक रूप से दिया।

इसके तीन दिन पहले न्यूयर्ट टाइम्स अपने एक संपादकीय में इस बात पर अफसोस जता चुका था कि अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों की सरकारें अपनी चीन विरोधी रणनीति में भारत की उपयोगिता के कारण दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की खत्म हो रही आजादी की चिंता नहीं कर रही हैं। मंगलवार की घटनाओं से इस अखबार और उसकी जैसी सोच रखने वाले लोगों का अफसोस गहरा हुआ होगा। बहरहाल, कहने का सार और संदेश यह है कि भारत के लोगों को अपनी नागरिक आजादियों को बचाना है, तो उसके लिए उन्हें खुद और अपने बूते पर संघर्ष करना होगा।

मनरेगा : हंगामा यूं ही नहीं

डा.सुरजीत सिंह गांधी

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की बकाया राशि का भुगतान अभी तक न किए जाने के लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक बार फिर से राजनीति गरमाने लगी है।

केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राज्य सभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मनरेगा के अंतर्गत 14 राज्यों के लिए 6,157 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना बाकी है। इनमें से 6 राज्य ऐसे हैं, जिनमें भाजपा की सरकार है। सर्वाधिक बकाया (2,700 करोड़ रुपये) पश्चिम बंगाल का है। आंध्र प्रदेश का 836 करोड़ रुपये, कर्नाटक का 638 करोड़, मध्य प्रदेश का 362 करोड़, महाराष्ट्र का 200 करोड़, ओडिशा का 187 करोड़, केरल का 137 करोड़, असम का 112 करोड़ और मेघालय का 102 करोड़ रुपये के बकाया सहित मनरेगा में प्रयुक्त निर्माण सामग्री घटकों की देनदारियों को भी जोड़ दिया जाए तो यह धनराशि 6175 करोड़ रुपये हो जाती है।

राज्य सरकारों का कहना है कि मनरेगा के अंतर्गत राशि न मिलने से ग्रामीणों के लिए आजीविका का प्रश्न बड़ी चुनौती बन गया है। नियमानुसार मजदूर को 15 दिन के भीतर भुगतान होना चाहिए जिसके बाद प्रत्येक दिन की देरी के लिए श्रमिक मुआवजे का हकदार हो जाता है।

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के आपसी समंजस्य के अभाव के कारण यह कार्यक्रम आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक महव का हो गया है। अपर्याप्त धन, अपर्याप्त वेतन और असामयिक भुगतान आदि को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच होने राजीनीतक विवाद का खमियाजा ग्रामीण मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। मजदूरी भुगतान में देरी से श्रम अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जिसके चक्रीय दुष्प्रभाव अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगेंगे।

मजदूरी नहीं मिलने की स्थिति में खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने लगेगा तो ग्रामीण क्षेत्र में विशेष रूप से महिलाओं की बेरोजगारी भी बढ़ेगी। सेंटर फर मनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2022 में ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 584 प्रतिशत थी। पीपुल्स रिसर्च अन इंडियाज कंज्यूमर इकोनमी के नवीनतम सव्रेक्षण के अनुसार गरीब और अमीर परिवारों के बीच आय में असमानता बढ़ रही है। सबसे गरीब 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी, जो 1995 में कुल घरेलू आय का 5.9 प्रतिशत थी, 2021 में कम होकर 33 प्रतिशत रह गई है। दूसरी ओर इसी अवधि में सबसे अमीर 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी 502 प्रतिशत से बढ़कर 563 प्रतिशत हो गई है। इस संदर्भ में उल्लेखित करना आवश्यक हैं कि मनरेगा कार्यक्रम भारत का ही नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा रोजगार गारंटी कार्यक्रम है। मांग आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवा कर ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता को सुधारना है। गरीबी उन्मूलन का पर्याय बन चुका यह कार्यक्रम वित्तीय रूप से कमजोर लोगों को सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम से देश के लगभग 1551 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। मनरेगा ग्रामीण श्रमिकों के लिए एकमात्र ऐसी जीवन रेखा है जो जरूरत और संकट के समय काम और नकदी प्रदान करता है। कोरोना काल जैसी आपातकालीन स्थिति में भी इस कार्यक्रम की उपादेयता साबित हो चुकी है। अनेक रिपोर्ट्स बताती हैं कि कोविड के समय शहरों से गांव की तरफ विपरीत पलायन के समय लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार दिया गया था। कोरोना से आय में नुकसान की भरपाई में इस कार्यक्रम ने महवपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में सामाजिक संगठनों की आलोचनाओं के कारण भी मनरेगा चर्चा में है। विरोध का प्रमुख कारण यह है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 के बजट में 2166 प्रतिशत की कमी करते हुए मनरेगा के लिए 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

संशोधित अनुमान से तुलना करने पर यह बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाता है। पिछले वर्ष सरकार ने ग्रामीण भारत में काम की बढ़ती आवयश्कता को देखते हुए 25,000 करोड़ रुपये का पूरक बजट जोड़ा था, परंतु इस वर्ष के बजट में सरकार ने कम आवंटन का तर्क देते हुए कहा कि षि क्षेत्र में सुधार से मजबूत होती ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कोरोना खत्म होने से शहरों की तरफ पुनरू पलायन होने के कारण पिछले कुछ महीनों में मनरेगा की मांग में आई है। 2022-23 के आर्थिक सव्रेक्षण के अनुसार 24 जनवरी, 2023 तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत काम मांगने वालों की संख्या 649 करोड़ थी, जिसमें से 648 करोड़ लोगों को काम का आफॅर दिया गया। इनमें से 57 करोड़ परिवारों ने काम किया।

इसके विपरीत पिछले तीन वर्षो के बजट का विश्लेषण किया जाए तो मनरेगा के बजट में लगातार कमी दिखाई देती है। मनरेगा में वित्त की कमी का प्रभाव श्रम दिवस रोजगार में भी कमी के रूप में देखाई देता है। 100 दिन की गारंटी देने वाले रोजगार की तुलना में 2020-21 में मात्र 52 दिन, 2021-22 में 42 दिन और 2022-23 में 42 दिन का रोजगार ही मिल सका है। श्रम संगठनों का मानना है कि जब देश में बेरोजगारी बढ़ रही है तो मनरेगा में 150 दिन श्रम दिवस रोजगार करने की बजाय सरकार इसे लगातार कम करती जा रही है। देश हित में मनरेगा से संबंधित विवाद के पहलुओं पर केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर कार्य करना चाहिए। इसके कार्यान्वयन की प्रशासनिक और निष्पादन संबंधी तकनीकी गड़बडियों पर कार्य करना चाहिए जिससे न सिर्फ भ्रष्टाचार कम होगा, बल्कि कार्यक्रम में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

मनरेगा से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए सभी राज्यों में स्वतंत्र एवं मजबूत सोशल अडिट को नियमित किया जाए। अनियमितता के खिलाफ समय पर सख्त कार्रवाई की जाए।

विश्व में आने वाली मंदी का भारत की अर्थव्यवस्था पर अधिक फर्क न पड़े, इसके लिए भी मनरेगा में कार्य कर रहे श्रमिकों की रुकी हुई मजदूरी अविलंब मिलनी चाहिए ताकि मांग कम न होने पाए।

ग्रामीण मांग को बढ़ाने के लिए मनरेगा में दी जाने वाली मजदूरी में वृद्धि पर भी विचार किया जाना चाहिए। ग्रामीण नागरिकों को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए मनरेगा के साथ न्याय करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम की कमियां दूर की जाने पर ही यह कार्यक्रम देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महवपूर्ण भूमिका निभा सकेगा।

दो बच्चों के बीच लड़ाई की वजह बन सकती हैं पेरेंट्स की ये गलतियां, रखें इनका ध्यान

जिस घर में दो बच्चे होते हैं वहां चहल-पहल बनी रहती हैं। दोनों बच्चों के बीच का प्यार तो आपको देखने को मिलता ही हैं, लेकिन इसी के साथ ही उनके बीच नोक-झोंक भी देखने को मिलती हैं। बचपन से लेकर टीनएजर तक भाई-बहनों के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाइयां होना आम बात है। कई बार इसके पीटे का कारण पेरेंट्स की कुछ आदतें भी बनती हैं। वैसे तो सभी माता-पिता अपने बच्चों को बराबर का प्यार और स्नेह देते हैं। लेकिन कई बार अनजाने में कुछ चीजें ऐसी हो जाती हैं जिसकी वजह से बच्चों के मन में खिन्नता हो जाती हैं जो लड़ाई के रूप में देखने को मिलती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं पेरेंट्स की उन गलतियों के बारे में जिनपर ध्यान देना बहुत जरूरी हैं।

दूसरे बच्चे की खुशी में अति उत्साहित होना

किसी के घर जब दूसरे या तीसरे बच्चे का जन्म हो रहा होता है तो मां-बाप अपने बच्चों से कहते हैं कि वो बड़े भाई या बहन बनने जा रहे हैं। उन्हें लगता है कि इस खबर से जैसे वो खुश हैं वैसे ही उनके बच्चे भी होंगे जो गलत है। वास्तव में अगर बच्चा छोटा है तो वो इस स्थिति को ज्यादा समझ भी नहीं पाता। ऊर से बच्चे के जन्म के बाद मां-बाप का प्यार और अटेंशन दो बच्चों में बंट जाता है। उनके पास बड़े बच्चे को देने के लिए ज्यादा समय भी नहीं होता। बच्चों की वजह से व्यस्तता भी बढ़ जाती है। इसके अलावा बड़े बच्चे के लिए अपना कमरा, चीजें और खिलौने शेयर करना भी अलग अनुभव होता है। मां-बाप इस स्थिति पर ज्यादा ध्यान नहीं देते लेकिन बच्चे के लिए ये काफी परेशान करने वाला है। ऐसे में माता-पिता को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनके बच्चे के मन में अपने आने वाले भाई या बहन के लिए मनमुटाव ना हो।

भेदभाव करने से बचें

बच्चों की आपस में लड़ाई होने के बाद कुछ पेरेंट्स अक्सर किसी एक बच्चे का पक्ष ले लेते हैं। वहीं पेरेंट्स छोटे बच्चों की नादानियों को अवयड कर देते हैं और बड़े बच्चे को गलती करने पर फटकार लगाने से भी नहीं चूकते हैं। ऐसे में भाई बहन के बीच दूरियां आना स्वाभिवक होता है। इसलिए लड़ाई करने पर किसी एक बच्चे का पक्ष बिल्कुल न लें और दोनों बच्चों को उनकी गलती का एहसास करवाएं।

दूसरे बच्चे के आने पर पहले को इग्नोर करना

मां-बाप के लिए ये उम्मीद करना गलत है कि नए बच्चे की खुशी को उनके बड़े भाई-बहन उसी तरह मनाएंगे जैसे वो मना रहे हैं। वास्तव में उनके लिए इस बात को दरकिनार करना काफी मुश्किल है कि अब उन्हें मां-बाप की पूरी अटेंशन नहीं मिलने वाली। छोटे बच्चे ये नहीं बता पाते कि वो क्यों नाराज हैं लेकिन उन्हें बखूबी ये बात चुभती है और वो गुस्सा कर, चीजें तोड़कर और रोकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। ऐसे में मां-बाप को खासतौर पर अपने पहले बच्चे की इस मनोदशा को समझना चाहिए और उनको बराबर तवज्जो देने की कोशिश करनी चाहिए।

शेयरिंग के लिए फोर्स न करें

घर में छोटा बच्चा आने के बाद बड़े बच्चों को अक्सर अपने खिलौने और खाने की चीजें अपने छोटे भाई या बहन के साथ शेयर करनी पड़ती है। जाहिर है बच्चे बड़ों की तरह मैच्योर नहीं होते हैं। वहीं कई बार बच्चे अपनी चीजें शेयर करने से इंकार भी कर देते हैं। ऐसे में बच्चों को चीजें शेयर करने के लिए फोर्स करने के बजाए प्यार से समझाएं।

बच्चों की लड़ाई में किसी एक का साथ देना

बच्चों में जब भी झगड़ा होता है तो इस स्थिति में मां-बाप को दोनों को प्यार से समझाना चाहिए। इस दौरान अगर एक बच्चे की गलती होती भी है तो उसे अलग से उसकी गलती बतानी चाहिए ना कि दूसरे बच्चे के सामने उसे डांटना या मारना चाहिए। बच्चों के अंदर भी आत्मसम्मान होता है और किसी दूसरे बच्चे के सामने डांट और मार का उन पर बहुत बुरा असर पड़ता है। वो शर्मिंद्गी महसूस करते हैं। इससे उनके मन में दूसरे बच्चे और अपने मां-बाप के लिए भी नाराजगी पैदा होने लगती है। अक्सर मां-बाप जाने-अनजाने में अपने बच्चों में फर्क करने लगते हैं और लड़ाई-झगड़े में भी वो उसी का साथ देते हैं। हमेशा किसी एक बच्चे की तरफदारी करना गलत है।

एक बच्चे की दूसरे से तुलना करना

सभी बच्चों का व्यक्तित्व, तौर-तरीके, आदतें और व्यवहार अलग होता है। ऐसे में दोनों को एक-दूसरे से कम्पेयर करना ठीक नहीं है। कोई बच्चा बहुत शांत होता है तो कोई बहुत शैतान, अगर आप दोनों को एक-दूसरे की तरह बनने की सीख देंगे तो इसके उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ेगा। इस स्थिति में वो अपने भाई या बहन को खुद से बेहतर समझेंगे और उनसे ईर्ष्या करने लगेंगे। एक बच्चे को दूसरे का उदाहरण देना मां-बाप की बहुत बड़ी भूल होती है और ये वो अक्सर बच्चों के बड़े होने तक करते रहते हैं। लगातार मां-बाप की इस तुलना से बच्चे तंग हो जाते हैं और धीरे-धीरे उनके मन में अपने भाई और बहन के लिए खीझ पैदा होने लगती है।

महाराष्ट्र का उपचुनाव बेहद अहम

देश की वित्तीय राजधानी मुंबई के साथ साथ पुणे और ठाणे में नगर निगम का चुनाव होना है। इन चुनावों की महत्ता इस बात से समझी जा सकती है कि एक महीने में दो बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई की यात्रा की है और हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। बताया जा रहा है कि नगर निगम चुनावों की घोषणा राज्य में दो सीटों पर हो रहे उपचुनावों के बाद होगी। दोनों उपचुनावों का महत्व सिर्फ इतना नहीं है, बल्कि इससे एनसीपी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के गुट की शिव सेना के गठबंधन की परीक्षा भी होगी और भाजपा-एकनाथ शिंदे गुट की भी परीक्षा होगी। जब से राज्य में महाविकास अघाड़ी की सरकार गिरी है तब से एक अंधेरी ईस्ट सीट का चुनाव हुआ था लेकिन वहां भाजपा ने उम्मीदवार नहीं दिया था इसलिए उद्धव ठाकरे की पार्टी के लिए मुकाबला एकतरफा रहा था।

परंतु कस्बा पेठ और चिंचवाड़ सीट पर दोनों गठबंधन लड़ रहे हैं। चिंचवाड़ सीट भाजपा के लक्ष्मण जगताप के निधन से खाली हुई थी और भाजपा ने उनके बेटे अश्विनी जगताप को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने अंधेरी ईस्ट की मिसाल देते हुए

> एनसीपी ने बड़ा जोखिम लिया है। पिछली बार इस सीट पर राहुल कलाटे दूसरे नंबर पर थे। लेकिन उनकी बजाय पार्टी ने नाना काटे को उतारा है। कस्बा पेठ सीट कांग्रेस को मिली है, जिसने पिछली बार दूसरे स्थान पर रहे रवींद्र धंगेकर को उतारा है। भाजपा की मुक्ता तिलक ने उनको हराया था। ये दोनों सीटें भाजपा की हैं। अगर इनमें से एक भी सीट वह हारती है तो राज्य की राजनीति में बहुत कुछ बदलेगा।

उस सीट पर उम्मीदवार नहीं उतारने की मांग की थी लेकिन एमवीए की ओर से एनसीपी ने नाना काटे को उम्मीदवार बनाया है। एनसीपी ने बड़ा जोखिम लिया है। पिछली बार इस सीट पर राहुल कलाटे दूसरे नंबर पर थे। लेकिन उनकी बजाय पार्टी ने नाना काटे को उतारा है। कस्बा पेठ सीट कांग्रेस को मिली है, जिसने पिछली बार दूसरे स्थान पर रहे रवींद्र धंगेकर को उतारा है। भाजपा की मुक्ता तिलक ने उनको हराया था। ये दोनों सीटें भाजपा की हैं। अगर इनमें से एक भी सीट वह हारती है तो राज्य की राजनीति में बहुत कुछ बदलेगा। राज ठाकरे की मनसे और एकनाथ शिंदे की शिव सेना दोनों भाजपा का समर्थन कर रहे हैं।

देश में माल ढुलाई और परिवहन

अजय दीक्षित

केन्द्र सरकार ने अब इस सत्य को स्वीकारा है कि देश में परिवहन व माल ढुलाई के सबसे सुलभ साधन रेलवे के उत्थान के बिना विकास को गति नहीं मिलेगी। तभी बजट में रेलवे के लिये अब तक उच्चतम पूंजी परिव्यय निर्धारित किया गया है। संसद में प्रस्तुत हालिया बजट में अब तक का सर्वाधिक पूंजीगत परिव्यय 24 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। यह राशि वर्ष 2013-14 के मुकाबले नौ गुनी है। निस्संदेह, यह देश की जीवन रेखा कही जाने वाले रेलवे के विकास - आधुनिकीकरण के लिये शुभ संकेत है। यह अच्छी बात है कि कोविड संक्रमण के दौरान रेलवे जिस बड़े संकट से जूझा है, उससे अब उबरने लगा है। हालांकि, उस दौरान भी। प्रवासी श्रमिकों को उनके गांव पहुंचाने व खाद्यान्न आपूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाई थी। रेलवे की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है, वह इस बात से पता चलता है कि पूरे देश में श्वंदे भारत ट्रेनश श्रृंखला को विस्तार दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की पहली स्वदेशी सेमी हाई-स्पीड ट्रेन है। जिसका निर्माण चेन्नई स्थित कोच फैक्ट्री द्वारा किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर यह उत्साहवर्धक है कि देश को अपनी पहली हाइड्रोजन ट्रेन दिसंबर तक मिलने जा रही है। जो आत्मनिर्भर भारत अभियान की नई कामयाबी कही जा सकती है। महत्वपूर्ण यह भी कि अब तक भारत के पिच्चासी फीसदी से अधिक रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। निश्चित रूप से रेलों के लिये जहां ईंधन में स्वदेशी आत्मनिर्भरता जरूरी है, वहीं पर्यावरणीय मुद्दों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत की हरित ऊर्जा की

प्राथमिकताओं के प्रति गंभीरता रेलवे के अभियानों में नजर आनी चाहिए। साथ ही रोजगार की प्राथमिकताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बहरहाल, रेलवे प्रशासन के सामने मौजूद चुनौतियों के मद्देनजर हालिया बजट में वित्तीय संसाधनों की बड़ी वृद्धि इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं के द्वार खोलती है। जहां रेलवे एक और आम लोगों का सस्ता व सुलभ आवागमन का जरिया है, वहीं करोड़ों लोगों का रोजगार भी इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा होता है। राजस्व के मोर्चे पर मिल रहा सकारात्मक प्रतिसाद उम्मीद जगाने वाला है। अच्छी बात यह है कि अप्रैल से दिसंबर 2022 के बीच रेलवे यात्री किराये से विभाग की कुल आय 48,913 करोड़ रुपये हुई है। उल्लेखनीय है कि यह वृद्धि वर्ष 2021 में इसी समान नौ महीने की अवधि के दौरान हुई आय के मुकाबले 71 फीसदी अधिक है। यद्यपि माल बुलाई राजस्व में भी वृद्धि हुई है, लेकिन यात्री भाड़े के मुकाबले तेजी उसमें नहीं देखी गई। निस्संदेह विभागीय प्रचालन तंत्र की लागत घटाना रेलवे के लिये एक बड़ी चुनौती है, जिसके चलते उसके मुनाफे में कमी आ जाती है। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी सुझाव दिया था कि देश को बहु- मडल परिवहन के साथ एकीत दृष्टिकोण अपनाने के बारे में सोचना चाहिए। जिसके अतंर्गत देश के जलमार्ग, राजमार्ग और रेलवे नेटवर्क आपस में जुड़े हों। इन प्रयासों से रेलवे की लागतों को कम करने तथा राजस्व को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। जलमार्गों की क्षमता का उपयोग बढ़ाने से माल ढुलाई लागत में कमी लायी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर रेलवे का माल ढुलाई का बोझ कम किया जा सकता है

जेट लैग क्यों होता है और इससे बचने के क्या तरीके हैं?

सभी देशों का टाइम जोन अलग-अलग होता है, यानी जब भारत में सुबह होती है तो कहीं पर रात का वक्त होता है। ऐसे में हवाई यात्रा करके जब हम एक टाइम जोन के देश से दूसरे टाइम जोन वाले देश जाते हैं तो जेट लैग हो जाता है। इसकी वजह से बयोलजिकल बडी क्लक बिगड़ जाती है और नींद और थकान जैसी समस्याओं से गुजरना पड़ता है। आइए आज जेट लैग से राहत पाने के पांच टिप्स जानते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रियों को अपनी यात्रा से कुछ दिन पहले अपनी नींद की आदत को भी बदलना चाहिए। इसका मतलब है कि पश्चिमी देशों की यात्रा करने से पहले सामान्य से कुछ घंटे बाद सोना चाहिए और अगर पूर्वी देशों की ओर जाना है तो जल्दी सो जाना चाहिए। इसके अलावा यात्रा के दौरान आपके नए गंतव्य पर रात भी हो सकती है, इसलिए आपका उसी समय सो जाना ठीक होगा।

सूरज की रोशनी के संपर्क में ज्यादा रहें

जेट लैग आपको नींद से भरा और थका हुआ बना सकता है, जिससे आपकी ऊर्जा का स्तर गिर सकता है। हालांकि, जैसे-जैसे आप सूरज के संपर्क में ज्यादा आने लगते हैं, वैसे-वैसे आपके शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ जाता है और मेलाटोनिन नामक हार्मोन, जो नींद का कारण बनता है, उसका स्राव कम होने लगता है। यदि आपको अपने नए टाइम जोन में देर तक जागना है तो आप सूरज की रोशनी में देर तक जरूर रहें।

शराब और कैफीन युक्त पेय पदार्थों से दूर रहें

जेट लैग समय पर सोने और उठने की प्रातिक क्षमता जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इस वजह से इन समस्याओं को कम करने के लिए किसी दूसरे गंतव्य पर पहुंचने पर शराब या कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें। ये स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हैं, इसलिए इनसे दूरी बनाना उचित है। ये दोनों नींद चक्र को बाधित कर सकते हैं, जिससे आपके लिए नए टाइम जोन के साथ तालमेल बैठाना मुश्किल हो जाता है।

यात्रा के दौरान पर्याप्त पानी पीएं

बहुत से लोग यात्रा के दौरान पानी का सेवन कम कर देते हैं, ताकि उन्हें बार-बार बाथरूम न जाना पड़े। इसकी वजह से शरीर अतिरिक्त थकान का अनुभव करता है, जो जेट लैग के लक्षणों को बढ़ा सकता है। इससे बचाव के लिए लंबी दूरी की यात्रा के दौरान पर्याप्त पानी पीते रहें और खुद को हाइड्रेटेड रखें। यह जेट लैग के कारण होने वाली कई समस्याओं से राहत दिलाने में कारगर है।

सही समय पर खाना खाएं

जब भी आप किसी अलग टाइम जोन वाले देश में यात्रा कर रहे हों तो खाना खाने के लिए सही समय तय करना जरूरी होता है। इसके लिए अपने गंतव्य के समय की जांच करें और उसके अनुसार ही खाना खाने का समय बनाएं। इसके साथ ही ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जो यात्रा के दौरान आपके पाचन या स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव न डालें। इसके अलावा हवाई यात्रा से पहले इन खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।

निक्की यादव हत्या मामले में साहिल गहलोत के पिता, 4 अन्य गिरफ्तार

नयी दिल्ली,, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने निक्की यादव की हत्या मामले में साहिल गहलोत (24) के पिता, उसके दो रिश्तेदार और दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। साहिल गहलोत को पुलिस ने कथित प्रेमिका निक्की यादव की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र यादव ने कहा, श्गहलोत के पिता वीरेंद्र सिंह, दो भाई (रिश्ते के) आशीष एवं नवीन तथा साहिल के दो दोस्तों अमर और लोकेश से गहन पूछताछ की गई और हत्या के संबंध में उनकी भूमिका की पुष्टि एवं पता लगने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल नवीन मुख्य आरोपी साहिल गहलोत का रिश्तेदार है। गहलोत पहले से ही पुलिस हिरासत में है और उससे गहन पूछताछ की गई है। गिरफ्तारी के बाद उसने अपनी कथित प्रेमिका निक्की यादव की हत्या की बात कबूल की, क्योंकि वह उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों ने 2020 में ही शादी कर ली थी। विशेष आयुक्त ने कहा कि वह वास्तव में उसकी पत्नी थी और शलिव-इन पार्टनर नहीं। विशेष आयुक्त ने कहा कि इसलिए वह उससे अनुरोध कर रही थी कि वह उसके परिवार द्वारा 10 फरवरी को किसी अन्य महिला के साथ तय की गई शादी नहीं करे। पुलिस के अनुसार जब गहलोत निक्की यादव को उक्त महिला से अपनी शादी के लिए राजी नहीं कर सका, तो उसने उसे मारने की साजिश रची और अन्य लोगों को भी इसमें शामिल कर लिया।

चिदंबरम ने की लोकतंत्र के पुनरुद्धार टिप्पणी पर जर्ज सोरोस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शनिवार को जर्ज सोरोस के लोकतंत्र के पुनरुद्धार वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। ट्वीट्स की एक श्रृंखला में उन्होंने कहा, मैं जर्ज सोरोस द्वारा पूर्व में कही गई अधिकांश बातों से सहमत नहीं था और मैं अब जो कुछ भी कहता हूं, उससे सहमत नहीं हूं। लेकिन भारत में निर्वाचित सरकार को लोकतांत्रिक रूप से गिराने की उनकी टिप्पणी एक बचकाना बयान है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट में कहा कि भारत की जनता तय करेगी कि भारत सरकार में कौन रहेगा और कौन बाहर रहेगा।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, मुझे नहीं पता था कि मोदी सरकार इतनी कमजोर है कि 92 साल के एक अमीर विदेशी नागरिक के बयानबाजी से उसे गिराया जा सकता है।

दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को लेकर वायुसेना का विमान पहुंचा ग्वालियर

भोपाल, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को लेकर भारतीय वायुसेना का परिवहन विमान शनिवार सुबह मध्य प्रदेश के ग्वालियर पहुंचा. यहां से उन्हें श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) ले जाकर बाड़ों में छोड़ा जाएगा।वायुसेना का विमान चीतों को लेकर सुबह करीब दस बजे ग्वालियर हवाई अड्डे पर उतरा. 12 चीतों का यह दूसरा जत्था केएनपी ले जाया जा रहा है इनमें सात नर और पांच मादा चीते शामिल हैं. इससे पहले पिछले साल सितंबर महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केएनपी में एक समारोह में नामीबिया से लाए गए आठ चीतों के पहले जत्थे को बाड़ों में छोड़ा थाएक अधिकारी ने बताया था कि इन चीतों को ग्वालियर से दोपहर करीब 12 बजे वायुसेना के हेलीकप्टर से 165 किलोमीटर दूर केएनपी भेजा जाएगा ।

राज्यों को मिलेगा 16,982 करोड़ रुपये का मुआवजा, काउंसिल की 49वीं बैठक के बाद ये चीजें सस्ती होंगी

नई दिल्ली, एजेंसी। जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुईं। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने आज घोषणा की है कि जीएसटी क्षतिपूर्ति की लंबित शेष राशि का आज तक पूरा भुगतान कर दिया जाएगा।

दूसरे शब्दों में जीएसटी मुआवजे की पूरी लंबित शेष राशि जून के लिए कुल 16,982 करोड़ रुपये को मंजूरी दे दी जाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद ये जानकारी दी। हालांकि यह राशि आज की तारीख में मुआवजा कोष में वास्तव में उपलब्ध नहीं है।

हमने इस राशि को अपने संसाधनों से जुटाकर जारी करने का फैसला किया है। इतनी ही राशि भविष्य के मुआवजा उपकर संग्रह से प्राप्त की जाएगी। इस विज्ञप्ति के साथ केंद्र जीएसटी (राज्यों को मुआवजा) अधिनियम के तहत परिकल्पित सेस की राशि के पिछले पांच वर्षों का बकाया का भुगतान कर दिया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा, राब (लिक्विड जैगरी) और पेंसिल व शार्पनर पर जीएसटी दरों (ळैज्ट्ंजम) में कटौती की गई है। वित्त मंत्री ने कहा, सभी राज्यों को बकाया मुआवजा जारी कर दिया गया है। केंद्र ने राज्यों को 16,982 करोड़ रुपये जारी किए। इसके साथ ही पान मसाला, गुटखा पर जीओएम की सिफारिशें मंजूर कर ली गई है। इनपर कैपेसिटी बेस्ड टैक्सेशन लागू करने का फैसला लिया गया है। इनपर सख्त कंप्लायंस लागू करने की सिफारिश की गई है। जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल पर रिपोर्ट को मंजूर कर लिया गया है। राज्यों के कहने पर इसकी परिभाषा में बदलाव किया जाएगा। वित्त मंत्री के अनुसार राब (लिक्विड गुड़) पर जीएसटी की दर शून्य कर दी गई है। खुले लिक्विड गुड़पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर शून्य कर दिया गया है। यानी इस पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. वहीं पैकेट बंद लिक्विड गुड़ पर जीएसटी की दर 18प्रतिशत से घटाकर 5प्रतिशत कर दी गई है। पेंसिल और शार्पनर पर जीएसटी दरें 18प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दी गईं हैं।

सीतारमण ने कहा अनलाइन गेमिंग पर जीओएम की रिपोर्ट को आज की बैठक में नहीं लिया जा सका क्योंकि ग्रुप अफ मिनिस्टर्स के अध्यक्ष मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा हैं और वह राज्य में चुनाव के कारण जीएसटी परिषद् की बैठक में शामिल नहीं हो सके।

वित्त मंत्री ने कहा कि एसयूवी की तर्ज पर एयूवी पर टैक्स लगाने का फैसला फिलहाल टल गया है। जीएसटी परिषद ने एनुअल रिटर्न दाखिल करने में देरी के लिए विलंब शुल्क के रेशनलाइजेशन की भी सिफारिश की है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि तीन फर्मों जीएसटीआर फर्म नंबर 4, 9 और 10 पर लेट फीस कम कर दी गई है। इस तरह की राहत पहले जीएसटीआर 1 और 3 के लिए दी गई थी जो कि मासिक रिटर्न हैं। अब इन तीनों फर्म पर भी लेट फीस कम कर दिया गया है।

सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए बुलाया

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपपत्र दायर करने के करीब तीन महीने बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सिसोदिया को रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, आरोपपत्र में उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है। गिरफ्तार व्यवसायी विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली आरोपपत्र में दर्ज 7 आरोपियों में शामिल हैं। आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस प्रदान करने की दिल्ली सरकार की नीति से कुछ डीलरों को लाभ मिला, जिन्होंने इसके लिए कथित रूप से रिश्वत दी थी। इस आरोप का आम आदमी पार्टी (आप) ने जोरदार खंडन किया। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, यह भी आरोप लगाया गया है कि आबकारी नीति में संशोधन, लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ देना, लाइसेंस शुल्क में टूटध्कमी, अनुमोदन के बिना एल-1 लाइसेंस का विस्तार आदि सहित अनियमितताएं की गईं।

अमेरिकी संसद में उठा अरुणाचल प्रदेश का मुद्दा, बताया भारत का अभिन्न अंग, चीन को फटकार

वाशिंगटन , एजेंसी। भारत के समर्थन में अमेरिका के तीन शक्तिशाली सीनेटरों ने सीनेट में एक प्रस्ताव पेश किया है। प्रस्ताव में अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए, भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया गया है जिसको लेकर चीन का तिलमिलाना तय माना जा रहा है। इसके साथ ही इसमें चीन के द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की स्थिति को बदलने के लिए सेना के प्रयोग की भी निंदा की गई है। इस प्रस्ताव में चीनी हमलों से बचने के लिए उठाए गए कदमों के लिए भारत सरकार की सराहना की गई है।

आपको बता दें कि चीन लगातार इस सीमावर्ती राज्य पर दावा करता रहा है। यहां कई बार दोनों देशों की सेनाओं के बीच झड़प की भी खबरें सामने आ चुकी है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के दो सीनेटरों ने यह प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें अमेरिका द्वारा अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने की पुष्टि करने की मांग की गई है। अमेरिकी सीनेटर जेफ मर्कले ने बिल हैगर्टी के साथ मिलकर यह प्रस्ताव पेश किया है।

मार्कले ओरेगन से एक प्रगतिशील डेमोक्रेटिक सीनेटर हैं, जो चीन पर अमेरिकी संसद के कार्यकारी आयोग के सह-अध्यक्ष के रूप में भी काम करते हैं। हैगर्टी जापान में अमेरिका के पूर्व राजदूत रहे हैं। दोनों सांसद अमेरिकी संसद की विदेश संबंध समिति (एसएफआरसी) के सदस्य हैं।

अमेरिकी संसद में पेश किए गए प्रस्ताव का प्रस्ताव का शीर्षक- अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा बताना और दक्षिण एशिया में पीपुल्स रिपब्लिक अफ चाइना के उकसावों की निंदा करना दिया गया है। इसे एसएफआरसी को भेजा गया है।

कोयला घोटाले की आय को छिपाने के लिए रियल एस्टेट, फिल्म निर्माण सहित अपनाए गए अन्य रास्ते : ईडी

कोलकाता , एजेंसी । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), जिसने 8 फरवरी को एक व्यवसायी के कार्यालय से 140 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद करके पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के मवेशी तस्करी घोटाले में चल रही जांच को नए सिरे से आगे बढ़ाया है, ने इस मामले में कई रियल एस्टेट विकास एजेंसियों, फिल्म प्रोडक्शन हाउस और एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) को जांच के दायरे में लाया है। जांच सूत्रों के मुताबिक, कोयला तस्करी घोटाले की जांच कर रहे अधिकारियों ने शहर के दो व्यवसायियों के खातों की जांच की है। इसमें उनके कई व्यापारिक लेनदेन सामने आए हैं।

हालांकि ईडी इन जुड़ी हुई रियल एस्टेट और फिल्म निर्माण इकाइयों के साथ-साथ एनजीओ के नामों का खुलासा नहीं कर रहा है, लेकिन केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने एक के बाद एक उनके सहयोगियों को बुलाने और उनसे पूछताछ करने का फैसला किया है। हाल ही में रिलीज हुई एक बांग्ला फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी भी ईडी के जांच के घेरे में है।

कोलकाता के जिन दो कारोबारियों से ईडी ने पूछताछ की, उनमें से एक गजराज ग्रुप के मालिक बिक्रम सिकारिया हैं, जिनके दक्षिण कोलकाता के अर्ल स्ट्रीट स्थित कार्यालय से केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने 8 फरवरी को 140 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद की थी। अगले ही दिन, केंद्रीय एजेंसी ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर दावा किया था कि जब्त की गई नकदी बेहिसाब थी और सालासर गेस्ट हाउस नामक संपत्ति के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये के नकद भुगतान का हिस्सा एक कम कीमत पर देखा गया। ईडी ने मनजीत सिंह ग्रेवाल उर्फ जित्ती भाई नाम के एक अन्य व्यवसायी से भी पूछताछ की, जिसने सालासर हाउस की उस संपत्ति को कम कीमत पर खरीदा था। 9 फरवरी को जारी बयान में, जांच एजेंसी ने दावा किया कि बरामद 140 करोड़ रुपये कोयला घोटाले की कार्यवाही का हिस्सा है। उन्होंने कहा, जब्त की गई नकदी बेहिसाब थी और सालासर गेस्ट हाउस नामक संपत्ति के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये के कुल नकद भुगतान का हिस्सा एक कम कीमत पर था।

मातम में बदली शादी की खुशियां, ट्राली से टकराकर नहर में गिरी बोलेरो, दूल्हे समेत 5 लोगों की मौत

हरदोई , एजेंसी । यूपी के हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र के दरियाबाद गांव के पास भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। जहां एक तेज रफ्तार बोलेरो और अनंगपुर की ओर से आ रही गन्ने से भरी ट्राली में टक्कर हो गई। इस भिड़ंत से बोलेरो के अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूल्हे समेत 3 अन्य ने अस्पताल में मृत घोषित किए गए। ये भयानक सड़क हादसा तब घटा, जब हरपालपुर थाना क्षेत्र के कूड़ा गांव से बारात शाहजहांपुर जनपद के थाना कांट के अभयन पूरवा गांव जा रही थी। तब बीती रात दूल्हे की गाड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई।

बिजली की दरों में बढ़ोतरी के बाद श्रीलंका के राष्ट्रपति ने लोगों को दी राहत

कोलंबो ,एजेंसी। प्रमुख बिजली शुल्क वृद्धि के बीच, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने 100 मिलियन डलर की भारतीय क्रेडिट लाइन का उपयोग कर कम आय वाले परिवारों, धार्मिक स्थानों और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के लिए सोलर रूफटप सिस्टम के लिए रियायतें प्रदान करने का निर्देश दिया है।

विक्रमसिंघे ने ऊर्जा मंत्री और राज्य द्वारा संचालित बिजली आपूर्तिकर्ता, सीलोन बिजली बोर्ड (सीईबी) को टैरिफ वृद्धि के खिलाफ कम आय वाले समूहों को रियायतें प्रदान करने का निर्देश जारी किया है।

उन्होंने भारत से 100 मिलियन डलर लाइन अफ क्रेडिट (एलओसी) का उपयोग कर धार्मिक पूजा स्थलों, राज्य द्वारा संचालित स्कूलों और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के लिए सोलर रूफटप सिस्टम प्रदान करने का भी निर्देश दिया है।

सीईबी ने लाइसेंसधारी के रूप में जनवरी में बिजली दरों में संशोधन के लिए अनुरोध किया था, लेकिन श्रीलंका के सार्वजनिक उपयोगिता आयोग (पीयूसीएसएल) ने पिछले बुधवार तक इसका विरोध किया। जबकि पीयूसीएसएल के अध्यक्ष ने प्रस्ताव का विरोध किया, अधिकांश सदस्यों ने टैरिफ में 66 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी। बिजली शुल्क वृद्धि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की शर्तों में से एक है, जिसमें हिंद महासागर द्वीप द्वारा सामना किए गए सबसे खराब वित्तीय संकट में मदद करने के लिए 2.9 अरब डलर का बेलआउट पैकेज प्रदान किया जाना है।

बिजली और ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने मीडिया को बताया कि टैरिफ बढ़ाने के फैसले ने श्रीलंका को आईएमएफ बेलआउट पाने के करीब जाने में मदद की है।

सितंबर में, आईएमएफ ने संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था की मदद के लिए चार साल की अवधि में श्रीलंका को 2.9 अरब डलर के बेलआउट की घोषणा की थी, इस शर्त के साथ कि देश को करों में वृद्धि करनी चाहिए, सब्सिडी बंद करनी चाहिए और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्ज को कम करना चाहिए।

टैरिफ वृद्धि के साथ, राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने निरंतर बिजली आपूर्ति प्रदान करने का निर्देश दिया है।

एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में आतंकियों द्वारा इस्तेमाल तीन कारें जब्त की

नई दिल्ली,, एजेंसी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पूर्व डिप्टी एसपी देवेंद्र सिंह से हथियार और गोला-बारूद की बरामद्गी के एक मामले में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही तीन कारों को जब्त कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब्ती 15 फरवरी को की गई थी।एनआईए ने कहा, हमने तीन कार्ड, हुंडई आई20, मारुति 800 और हुंडई आई20 स्पोर्ट्ज जब्त की हैं। इन वाहनों का इस्तेमाल कश्मीर वैली में आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए आरोपियों द्वारा किया गया था। वाहनों को यूए (पी), अधिनियम की धारा 25 (1) के तहत जब्त किया गया थ।यह मामला हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम) के दो सक्रिय आतंकवादियों सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी से संबंधित है, जो एक हुंडई आई20 कार में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए केंद्र शासित प्रदेश से बाहर जा रहे थे।

सूचना के आधार पर इस कार को 11 जनवरी, 2020 को श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर अल-स्टप नाका पर रोका गया था।तलाशी के दौरान, एक एके-47 राइफल, तीन पिस्तौल, एक हथगोला, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और जब्त की गई।मामला शुरू में कुलगाम के काजीगुंड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था और बाद में मामले की जांच एनआईए ने अपने हाथ में ले ली थी।एनआईए अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि आरोपी इरफान शफी मीर के स्वामित्व वाली और इस्तेमाल की गई हुंडई आई20, मुश्ताक अहमद शाह के नाम पर रजिस्टर्ड मारुति 800 और उनके बेटे आरोपी सैयद नवीद मुश्ताक अहमद शाह द्वारा इस्तेमाल की गई और हुंडई आई20 स्पोर्ट्ज तनवीर अहमद वानी द्वारा रजिस्टर्ड और इस्तेमाल किए गए इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों के लिए किया गया था।

वाम सम्मेलन से नीतीश-तेजस्वी ने किया विपक्षी एकता का शंखनाद

पटना , एजेंसी। भाकपा माले के अधिवेशन में शनिवार को बिहार विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ दें कने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बार-बार अगला पीएम बताने वाली पार्टी जनता दल यूनाईटेड की हाजिरी ने विपक्षी एकता को बड़ी ताकत दी है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के सामने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने विपक्षी एकता का शंखनाद किया। तेजस्वी यादव ने लाल सलाम के साथ साफ कह दिया कि मुद्दे से भटकाने और नफरत की खेती करने वाली भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ सभी अपने-अपने तरीके से लड़ रहे हैं, लेकिन अब एक कमन रोडमैप तैयार करना होगा। क्षेत्रीय दल तैयार हैं। निर्णय अब कांग्रेस के हाथ में है।

उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंच लूटते हुए कहा कि बिहार की धरती पर वामदल के अधिवेशन ने पूरे देश को उम्मीद दी है। बिहार की धरती से ही जवाब मिलेगा। पूरे देश में चुनी हुई सरकार को येन-केन-प्रकारेण भाजपा गिरा दे रही थी, लेकिन बिहार में हमने उसके साथ खेला कर दिया। बस, अंतर यही है कि हमने देशहित में यह किया। उन्होंने कहा कि हमें मोदी नहीं, मुद्दे की बात करनी है। बेरोजगारी, महंगाई, किसान-समस्या, गरीबी की बात करनी है। चीन से खतरे की बात करनी है, देश की आर्थिक स्थिति की बात करनी है। न कि हिंदू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, गाय या कश्मीर की बात करनी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वामपंथी सम्मेलन के मंच से एक बार फिर दुहराया कि वह केवल बदलाव चाहते हैं, नेतृत्व को लेकर उनकी कोई इच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के लिए कांग्रेस को सिर्फ एक लक्ष्य पर साथ आना चाहिए कि केंद्र से नफरत वाली सरकार को उखाड़ दें कना है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में जिन लोगों ने अपना योगदान दिया उसको भी भुलाने के कोशिश की जा रही है। जिनको आजादी की लड़ाई से कोई लेना-देना नहीं है वो नया-नया इतिहास पैदा कर रहे हैं। ऐसे में सभी जाति और धर्म के लोगों को एक साथ आना होगा। इसके लिए सभी दलों को स्वहित त्याग कर देशहित में जुड़ना होगा। क्षेत्रीय दल तैयार हैं और राष्ट्रीय दल के रूप में इसके लिए कांग्रेस को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हमलोग एनडीए से अलग हुए और अब सात पार्टियों के साथ मिलकर हमलोग राज्य के हित में लोगों के लिए काम कर रहे हैं। हमने एनडीए छोड़ने का जो फैसला किया, उससे भी लोग खुश हैं।

दोनों बोले- फैसला कांग्रेस के हाथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी देश में बुरा हाल है, वे लोग अपने लिए काम कर रहे हैं लोगों के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं। सिर्फ अपना प्रचार प्रसार कर रहे हैं। अपनी प्रशंसा में दिन रात लगे हुए हैं। नीतीश ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, ड.शकील अहमद आदि की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता भी यहां उपस्थित हैं हम उनसे आग्रह करेंगे कि सभी विपक्षी दलों को एकजुट करें। हम सभी एकजुट होंगे तो 2024 के चुनाव में हमें सफलता मिलेगी और सरकार में बैठी पार्टी 100 सीटों से भी नीचे चली जाएगी। जो नई सरकार बनेगी, वो देशहित में बेहतर काम करेगी। हम सबको मिल जुलकर काम करना है। समाज एकजुटता रखनी है। देश को और आगे ले जाना है। विपक्षी एकता जरूरी है। हमारी इसमें व्यक्तिगत कोई इच्छा नहीं है। हम सिर्फ चाहते हैं कि सभी एकजुट होकर रहें। देश आगे बढ़े। जब तक हम हैं आपलोगों का पूरा सहयोग करते रहेंगे।

मनरेगा के लिए धन आवंटन कम नहीं हुआ है : सीतारमण

भुवनेश्वर , एजेंसी । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए धन आवंटन कम नहीं हुआ है। यह एक मांग संचालित योजना है और जब मांग बढ़ती है, तो केंद्र धन प्रदान करता है। बजट के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, बजट आवंटन एक बात है. और यह योजना अपने आप में एक मांग आधारित योजना है, जब भी मांग बढ़ती है, हम इसके लिए धन उपलब्ध कराते हैं। यह 2014 के बाद से पिछले वर्षों में किया गया है।

उन्होंने कहा, यदि आप पिछले वर्षों में देखें, तो हमने मनरेगा के लिए पूरक बजट में कुछ पैसे जोड़े हैं। यहां तक कि कोविड महामारी के दौरान भी योजना के लिए आवंटन 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था। विशेष रूप से, 2022-2023 के बजट अनुमान (बीई) में 73,000 करोड़ रुपये के आवंटन के मुकाबले, वर्तमान आवंटन को घटाकर 60,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

गेहूं और चावल की खरीद के लिए फंडिंग पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने इसे बिल्कुल भी कम नहीं किया है। सीतारमण ने कहा कि किसानों को दी गई कुल राशि बहुत अधिक है क्योंकि न्यूनतम बिक्री मूल्य बढ़ गया है। उन्होंने कहा, खरीद पर खर्च की गई कुल राशि अब तक के उच्चतम स्तर पर है। आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आ रही है। मंत्री ने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना के लिए धन की कोई कमी नहीं है।वित्त मंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा और संक्रमण के लिए बजट में किए गए 35,000 करा-ड़ रुपये के आवंटन को स्पष्ट करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और संक्रमण के लिए आवंटित धन कोई सब्सिडी नहीं है। यह जीवाश्म ईंधन से हरित ऊर्जा में संक्रमण के लिए है। उन्होंने कहा कि फंड सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी रिफाइनरियों को उनके उत्सर्जन को कम करने के लिए अपग्रेड करने और यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि हमारे रणनीतिक भंडार पर्याप्त रूप से भरे हुए हैं।अडानी समूह की कंपनियों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निवेश के बारे में पूटे जाने पर, सीतारमण ने कहारू एसबीआई पहले ही अपने जोखिम पर एक बयान दे चुका है।

अदालत ने पांच आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली,, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने निक्की यादव हत्याकांड में आरोपी साहिल गहलोत और चार सह-आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। साहिल गहलोत ने 10 फरवरी को कश्मीरी गेट पर 23 वर्षीय महिला निक्की यादव की गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसने एक ढाबे के फ्रीज में शव को टुपाया था। गिरफ्तार पांच लोगों को पुलिस ने शुक्रवार की रात कोर्ट में पेश किया था।बुधवार को कोर्ट ने गहलोत को पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।हाल ही में एक घटनाक्रम में गहलोत ने जांचकर्ताओं को बताया है कि दोनों ने 2020 में शादी की थी।पुलिस ने गहलोत के पिता, उनके दो चचेरे भाइयों आशीष और नवीन और दो दोस्तों अमर और लोकेश को यादव से छुटकारा पाने और दूसरी लड़की के साथ शादी करने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

अपने 100वें टेस्ट में शून्य पर आउट हुए चेतेश्वर पुजारा

नयी दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख स्पिनर नाथन लियोन ने शनिवार को यहां शानदार गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक भारत का स्कोर चार विकेट पर 88 रन कर दिया। लोकेश राहुल (17) की खराब लय जारी रही जबकि चेतेश्वर पुजारा (शून्य) अपने 100वें टेस्ट की पहली पारी यादगार नहीं बना सके। भारतीय शीर्ष क्रम में सिर्फ कप्तान रोहित शर्मा (32) ही अच्छी लय में दिखे। लियोन ने भारत के शीर्ष क्रम को बार-बार परेशान करते हुए 11 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट चटकाये। जामथा (नागपुर) की तुलना में कोटला की पिच की गति थोड़ी अधिक थी। ऐसे में लियोन ने फ्लाइटेड गेंदों का शानदार इस्तेमाल किया। इससे बल्लेबाजों के मन में संदेह पैदा हुआ और वे बार-बार चकमा खाते दिखे। सलामी बल्लेबाज राहुल ऑस्ट्रेलिया के दो डीआरएस (अंपायर के फैसले की समीक्षा) अपील में बच गए लेकिन इसके बाद लियोन की गेंद पर पगबाधा होकर पवेलियन लौटे। लियोन ने 'राउंड द विकेट से गेंदबाजी की और उनकी गेंद को उम्मीद से ज्यादा टर्न मिली। राहुल की लगातार असफलता के बाद एक बार फिर से शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल को अंतिम एकादश में मौका नहीं देने के टीम प्रबंधन के फैसले पर सवाल उठने लगे है।

पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित एक बार फिर स्वीप शॉट को प्रभावी तरीके से खेल रहे थे, लेकिन वह लियोन की सीधी गेंद को पढने़ में चूक कर बोल्ड हो गये। स्टेडियम में लगभग 20,000 दर्शकों की तालियों की गडग़ड़ाहट ने 100वें टेस्ट में पुजारा का स्वागत किया लेकिन वह पगबाधा हो गये। पुजारा ने लियोन की फ्लाइटेड गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके पैड से टकरा गयी। मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया और पुजारा को शून्य पर पवेलियन लौटना पड़ा।

चोट से वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर (चार) क्रीज पर सहज दिखे लेकिन उनकी बैकफुट फ्लिक को शॉटलेग पर खड़े पीटर हैंड्सकॉम्ब ने लपक लिया। लंच विश्राम के समय पूर्व कप्तान विराट कोहली (14) के साथ रविंद्र जडेजा (15) क्रीज पर मौजूद थे।

सिर पर गेंद लगने के कारण वार्नर दूसरे टेस्ट से बाहर, उनकी जगह रेनशॉ टीम में

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह अंतिम एकादश में मैथ्यू रेनशॉ को शामिल किया गया है। मैच के शुरुआती दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की पारी के 10वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद वॉर्नर के सिर पर लगी थी। बायें हाथ के बल्लेबाज को इससे पहले कोहनी पर भी चोट लगी थी। इस चोट के बाद चिकित्सकों ने मैदान पर उनका उपचार किया था। उन्होंने कनकशन जांच (सिर में चोट लगने पर होने वाली जांच) नहीं कराया। भारतीय टीम जब बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी तो यह 36 वर्षीय खिलाड़ी क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जारी बयान के मुताबिक, 'वॉर्नर अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दिशानिर्देशों के अनुरूप इंदौर में तीसरे टेस्ट से पहले उनके खेल प्रोटोकॉल का पालन करते हुए वापसी करेंगे। पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद साथी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वॉर्नर 'थोड़ी थकान महसूस कर रहे हैं। ख्वाजा ने कहा था, 'बांह और फिर सिर पर लगी चोट के का वह थोड़ी थकान महसूस कर रहे है।

वार्नर के चोटिल होने से रेनशॉ की टीम में वापसी हुई। रेनशॉ को चार मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में शून्य और दो रन की पारी के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था।

टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय बनीं दीप्ति

केप टाउन । दीप्ति शर्मा महिला टी20 विश्व कप 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रुप-बी मैच के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बन गयीं।दीप्ति ने अपने 100वें विकेट के रूप में एफी फ्लेचर को आउट किया, जबकि इस मुकाबले में उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 15 रन देकर तीन सफलताएं हासिल कीं। दीप्ति ने भारत के लिये अब तक खेले गये 89 टी20 मैचों में 19.07 की औसत से विकेट लिये हैं। दीप्ति के बाद युज़वेंद्र चहल (91) सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं।भारत की महिला टीम में सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में दीप्ति के बाद पूनम यादव (98), राधा यादव (67), राजेश्वरी गायकवाड़ (58), झूलन गोस्वामी (56) और एकता बिष्ट (53) का नाम आता है।

सॉयर बने आरसीबी महिला टीम के कोच

नयी दिल्ली । रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने मार्च में होने वाली विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले ऑस्ट्रेलिया के बेन सॉयर को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

आरसीबी के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने फ्रेंचाइजी के ट्विटर हैंडल पर कोचिंग स्टाफ की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी।वर्तमान में न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे सॉयर इससे पूर्व सिडनी सिक्सर्स और ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ काम कर चुके हैं।

माइक हेसन ने बताया कि मलोलन राज टीम की सहायक कोच होंगी। इसके अलावा मलोलन प्रतिभाओं को खोजने वाली टीम (टैलेंट स्काउट) की प्रमुख भी होंगी।इससे पूर्व, फ्रेंचाइजी ने आज दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को अपनी महिला टीम का मेंटर नियुक्त करने की घोषणा की।

गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा उद्घाटन मैच

नईदिल्ली, आईपीएल 2023 का आगाज 31 मार्च 2023 से होने जा रहा है। आईपीएल का पूरा कार्यक्रम जारी हो चुका है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के जारी होने के साथ ही आईपीएल के दीवानों का खुशी का ठिकाना नहीं है। लगभग दो महीने तक आईपीएल के मैच खेले जाएंगे।

खबरों के अनुसार टूर्नामेंट के कुल 70 लीग चरण के मैच 52 दिनों के दौरान 12 जगहों पर खेले जाएंगे। आपकों बता दें की आईपीएल के 16वें संस्करण का पहला मुकाबला 31 मार्च को गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जानकारी के अनुसार आईपीएल 2023 के 16वें संस्करण में कुल 18 डबल हेडर होंगे। यह सभी डबल हेडर शनिवार और रविवार को खेले जाएंगे।

आईपीएल 2023 के ग्रुप

ग्रुप-एः मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स

ग्रुप-बीः चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद

फिल्मी सफर

तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्देशक ने अभिनेत्री जयश्री सोनी को लीड रोल में कास्ट किया

प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री जयश्री सोनी प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार नामक एक कॉमेडी शो के साथ टेलीविजन उद्योग में धमाकेदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभाती हैं। जानी-मानी अभिनेत्री जयश्री सोनी चार साल के अच्छे ब्रेक पर थीं और ऑस्ट्रेलिया में थीं। वह अब टेलीविजन उद्योग में वापस लौट रही हैं। उन्होंने वहां एक हॉलीवुड फिल्म की और थिएटर में भी खुद को व्यस्त रखा। भारत लौटने के बाद उन्हें यह अवसर मिला और उन्होंने इसे हड़प लिया।जयश्री सोनी बताती हैं कि कहानी एक मोहल्ले में रहने वाले पांच परिवारों की है। वह मधु नाम की एक पात्र की भूमिका निभाएंगी। मधु अपने परिवार के साथ पड़ोस में रहती है। उसे संदीप आनंद के साथ कास्ट किया गया है जो मधु के पति नंदू की भूमिका निभा रहे हैं। वह उसके साथ गहराई से और पागलपन से प्यार करती है पति और वह उसके ताने का भी बुरा नहीं मानती और महसूस करती है कि वह उन्हें उसके भले के लिए ही कह रहा होगा। उसकी एक सास भी है, जिसका किरदार मंजू शर्मा ने निभाया है और शो में उसका एक बच्चा भी है।

यह है न केवल एक कॉमेडी शो बल्कि इसका एक भावनात्मक पक्ष भी है। यह एक कॉमेडी शो है और प्रसिद्ध टेलीविजन शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के प्रसिद्ध निर्देशक मानव राज द्वारा निर्देशित है। यह नया शो बहुत ही आशाजनक लग रहा है और चूंकि यह एक कॉमेडी शो है, इसमें निश्चित रूप से कुछ पंच लाइनें भी हैं। इस निर्देशक ने 14 साल तक तारक मेहता का उल्टा चश्मा का निर्देशन भी किया है और अब शो में चोरी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। शो में प्रोफेसर पंडित जैसे कई अलग-अलग किरदार हैं जिन्होंने पूरे मोहल्ले को एक परिवार की तरह एकजुट रखा है।

यह शो की मूल अवधारणा है। जब जयश्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह अब तक के सबसे अच्छे किरदारों में से एक है। वह वास्तव में सेट पर जाने और उसी की शूटिंग करने का आनंद ले रही है। उनके लिए एक शानदार वापसी है और यह किरदार दर्शकों को पसंद आएगा। उनके लिए फिर से कैमरे का सामना करना और शो के लिए शूट करना एक खुशी का क्षण था। उन्हें लगता है कि शूटिंग उनके जीवन का एक हिस्सा है। वह एक पेशेवर की तरह कैमरे का सामना करने में सक्षम हैं। उन्होंने इसे एक बहुत ही सुंदर उदाहरण के साथ समझाया। कि एक बार आप साइकिल चलाना सीख गए और 20 साल बाद भी साइकिल चलाएंगे तो दोबारा चलाना नहीं भूलेंगे।

उन्होंने चिडिया घर, सुनैना, एक सफर ऐसा कभी सोचा ना था, अग्निपरीक्षा जीवन की, गंगा, रिश्तों के भंवर में, चलती का नाम गाड़ी, अदालत, यारो का टशन जैसे अन्य सभी शो में हमेशा एक बहू की भूमिका निभाई है। और दीवाने अजनाबे। डॉली और मछली के किरदारों को दर्शकों ने खूब सराहा और उन्हें आज तक याद है। ये किरदार उनके भी पसंदीदा थे। वह इस भूमिका को निभाने के लिए उत्सुक हैं और उम्मीद करती हैं कि दर्शक इस शो को बड़े चाव से देखेंगे।वह बताती हैं कि जब वे खुद शो की शूटिंग का आनंद ले रहे होंगे तो दर्शकों को भी यह पसंद आएगा। कोई निश्चित या लक्षित दर्शक नहीं है। लेकिन, इसे छोटे बच्चे से लेकर पुरानी पीढ़ी तक देखा जा सकता है। वह अभी कॉमेडी पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वह शूटिंग का पूरा आनंद लेती है क्योंकि निर्देशक भी शूटिंग के दौरान हल्के मूड में रहने में उनकी मदद करते हैं। इस शो के लेखक भी वही मशहूर टेलीविजन् शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के लेखक हैं. खैर, हम जयश्री सोनी को उनके आने वाले शो के लिए दिल की गहराइयों से शुभकामनाएं देते हैं।

बम डीगी डीगी गर्ल ने शॉर्ट ड्रेस में झुक-झुककर दिए ऐसे पोज

एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया का पारा हाई करने में लगी हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में लेटेस्ट तस्वीरों में उन्होंने एक बार फिर अपने सेक्सी लुक से लाइमलाइट बटौर ली है। इन तस्वीरों में उनकी बेबाकी थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

एक्ट्रेस साक्षी मलिक अपने हालिया फोटोशूट के दौरान की तस्वीरों में बेहद ही ग्लैमरस लुक फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों में साक्षी मलिक ने प्रिंटेड लुक में शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो अपना स्टाइलिश क्रिस क्रॉस लुक में बैक फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रही हैं।

ओपन हेयर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उन्होंने अपनी इन तस्वीरों में नीचे बैठकर कैमरे के सामने झुक-झुकर बेहद ही किलर पोज दिए हैं। साल 2018 में आई कार्तिक आर्यन की फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के गाने बम डीगी डीगी में नजर आने के बाद एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने खूब सुर्खियां बटोरी। बता दें कि एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम पर भी काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस साक्षी मलिक अपने स्टनिंग लुक से फैंस को दीवाना बनाने का काम करती हैं। हालांकि इस लुक में साक्षी की खूबसूरती का कोई जवाब नहीं है, साथ ही उनका ये अवतार काफी कातिलाना लग रहा है।

अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का दूसरा ट्रेलर रिलीज

अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का नया टीजर और ट्रेलर रिलीज किया गया है. इस टीजर में फिल्म इंडस्ट्री और फिल्मों को लेकर चल रहे सोशल मीडिया ट्रेंड्स का जिक्र भी सुनाई देता है. सेल्फी के नए टीजर में बॉयकॉट एक्टर्स और बॉयकॉट बॉलीवुड का जिक्र किया है. इस टीजर को शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने मजेदार कैप्शन भी दिया है. वहीं ट्रेलर में भी इसकी झलक दिखती है.

सेल्फी के इस इस नए टीजर में टीवी पर एक न्यूज रिपोर्टर लोगों से अक्षय कुमार के कैरेक्टर विजय का बॉयकॉट करने के लिए कह रहा है. फिल्म में खिलाड़ी कुमार एक सुपरस्टार की भूमिका में हैं. जैसा कि रिपोर्टर बॉलीवुड का बहिष्कार करता है, फिल्म के निर्माता टीवी की ओर मुड़ते हैं और कहते हैं, ऐसे ही फिल्मों नहीं चल रही है. बाद में, अक्षय, निर्माता की बात सुनने के बाद, अपने चेहरे पर एक सख्त नजर के साथ खुद की ओर इशारा करते हैं, जैसे पूछ रहे हों कि क्या मेरी वजह से फिल्में नहीं चल

रही हैं?वहीं ये टीजर शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, जो सह रहे हैं वो कह रहे हैं. फिल्म सेल्फी 24 फरवरी को सिनेमाघरों में जरूर देखें.जाहिर सी बात है फिल्म का ये सीन सोशल मीडिया पर जो कुछ भी हो रहा है उसी के संदर्भ में रखा गया है. पिछले कुछ वर्षों में, जहां एक लोकप्रिय स्टार हर दूसरी फिल्म को बॉयकॉट कॉल का सामना करना पड़ रहा है. अक्षय कुमार की अपनी फिल्मों ने भी टिकट काउंटर पर बुरी तरह से प्रदर्शन किया है, हालांकि फिल्मों की खराब परफॉर्मेंस का एकमात्र कारण बॉयकॉट नहीं था इसमें फिल्मों की कहानी, स्क्रीनप्ले आदि भी शामिल हैं.फिल्म के पहले ट्रेलर को जहां एक आम आदमी और एक फैन के एंगल से दिखाया गया था. इसके दूसके ट्रेलर में फिल्म में अक्षय कुमार के कैरेक्टर को ज्यादा स्पेस दिया गया है. इसमें दिखाया गया है कि फैंस किस तरह स्टार्स के पीछे पागल रहते हैं.फिल्म में अक्षय और इमरान के अलावा डायना पेंटी और नुसरत भरूचा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।सेल्फी साल 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस की आधिकारिक रीमेक है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमार और सूरज वेंजारामूडु ने अभिनय किया था।सेल्फी के अलावा, अक्षय कुमार टाइगर श्रॉफ अभिनीत बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं.

5 साल बाद मलयालम सिनेमा में भावना की वापसी, फिल्म का ट्रेलर आउट



भावना और शराफुद्दीन अभिनीत नटिकक्कक्कोरु प्रेमोंडार्न का ट्रेलर शुक्रवार को जारी किया गया। फिल्म पांच साल बाद भावनास की मायालम सिनेमा में वापसी करती है। भावना की आखिरी मलयालम रिलीज 2017 में ह्यएडम जोनह्ल थी। 2017 में हुई मारपीट की घटना के बाद से, उन्होंने मलयालम सिनेमा से दूर रहने का फैसला किया था, हालांकि उन्होंने कुछ कन्नड़ फिल्मों में अभिनय किया था। मार्च 2022 में, अभिनेता ने पीड़ित होने से लेकर उत्तरजीवी बनने तक की अपनी यात्रा पर खुल कर बात की थी।

फिल्म के कलाकारों और चालक दल द्वारा शुक्रवार को कोझिकोड में एक समारोह में नटिकक्कक्कोरु प्रेमोंडार्न का ट्रेलर लॉन्च किया गया। नवोदित आदिल मैमूनाथ अशरफ द्वारा लिखित, संपादित और निर्देशित इस फिल्म में अशोकन, अनारकली नासर और शेबिन बेन्सन भी हैं।

इसकी छायांकन अरुण रुश्दी और कला निर्देशन अनीस नादोदी द्वारा किया गया है। फिल्म का संगीत पॉल मैथ्यूज, निशांत रामटेके और जोकर ब्लूज ने संयुक्त रूप से तैयार किया है। ह्यनटिकक्कक्कोरु प्रेमोंडार्नह्ल का निर्माण बॉनहोमी एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले रेनिश अब्दुलखदर और लंदन टॉकीज बैनर के तहत राजेश कृष्णा द्वारा किया गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com